NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 15 अंक: 208 लखनऊ, शनिवार 21 मार्च 2026 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

## आधी से ज्यादा दुनिया संघर्ष में उलझी, भारत चीन की दोस्ती परवान चढ़ रही

एजेंसी।

दिल्ली। हम आपको बता दें कि यह कोई साधारण रास्ता नहीं है। सत्रह हजार पांच सौ फुट की ऊंचाई पर स्थित लिपुलेख दर्रा सदियों से भारत और तिब्बत के बीच संपर्क का प्रमुख माध्यम रहा है। व्यापारी, साधु और कैलाश मानसरोवर यात्रा करने वाले यात्री इसी मार्ग से गुजरते रहे हैं। छह साल की लंबी ठंड के बाद हिमालय की ऊंचाइयों से एक बार फिर गरम हवाएं उठने जा रही हैं। हम आपको बता दें कि उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले से होकर गुजरने वाला लिपुलेख दर्रा इस साल जून में फिर से भारत चीन व्यापार का गवाह बनेगा। यह वही रास्ता है जिसे वैश्विक महामारी कोरोना के कारण वर्ष 2020 में बंद कर दिया गया था। अब जब इसे दोबारा खोलने की तैयारी तेज हो चुकी है तो यह केवल व्यापार की वापसी नहीं बल्कि एशिया की बदलती भू–राजनीति का बड़ा संकेत बनकर भी उभर रहा है। कि भारतीय विदेश मंत्रालय की हरी झंडी मिलते ही पिथौरागढ़ प्रशासन हरकत में आ चुका है। जिला अधिकारी आशीष कुमार भटगाई ने साफ कर दिया है कि सभी विभागों को तैयारियों में जुटा दिया गया है। गुंजी में भारतीय व्यापार बाजार को फिर



से सक्रिय करने के लिए बैंक, सीमा शुल्क, पुलिस और दूरसंचार से लेकर हर जरूरी व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है। जून से सितंबर तक चलने वाला यह व्यापारिक सत्र इस बार पहले से कहीं अधिक सक्रिय रहने की उम्मीद है। दरअसल यह कोई साधारण रास्ता नहीं है। सत्रह हजार पांच सौ फुट की ऊंचाई पर स्थित लिपुलेख दर्रा सदियों से भारत और तिब्बत के बीच संपर्क का प्रमुख माध्यम रहा है। व्यापारी, साधु और कैलाश मानसरोवर यात्रा करने वाले यात्री इसी मार्ग से गुजरते रहे हैं। 1992 में इस मार्ग को फिर खोला गया था, लेकिन महामारी ने इसे बंद कर दिया था। अब इसका दोबारा खुलना उस ऐतिहासिक धड़कन की वापसी है जो लंबे समय से थमी हुई थी। लेकिन इस कहानी का दूसरा पहलू कहीं अधिक तीखा है। यह सिर्फ व्यापार नहीं, बल्कि शक्ति संतुलन की बिसात है। जब पश्चिम एशिया में संघर्ष ने पूरी दुनिया को उलझा रखा है, उसी समय भारत और चीन के रिश्तों में धीरे धीरे नरमी आना एक बड़ा संकेत है। सीमा विवादों के बावजूद व्यापारिक संपर्क बहाल करना इस बात का प्रमाण है कि दोनों देश टकराव और सहयोग के बीच नई रणनीति गढ़ रहे हैं। यह कदम बताता है कि भारत केवल सैन्य मोर्चे पर नहीं बल्कि आर्थिक गलियारों के जरिए भी अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।इस मार्ग के खुलने से सबसे ज्यादा बेचौनी नेपाल को है। नेपाल लंबे समय से लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा क्षेत्रों पर अपना दावा जताता रहा है। वर्ष 2020 में जब भारत ने ध ारचूला से लिपुलेख तक अस्सी किलोमीटर लंबी सड़क का उद्घाटन किया था, तब काठमांडू ने तीखी आपत्ति जताई थी। नेपाल ने नया राजनीतिक नक्शा जारी कर इन क्षेत्रों को अपना हिस्सा बताया और यहां तक कि अपनी मुद्रा पर भी इसे छाप दिया था। नेपाल की आपत्ति केवल सीमा विवाद तक सीमित नहीं है। असल चिंता यह है कि इस व्यापार मार्ग के सक्रिय होने से भारत का सामरिक प्रभाव इस क्षेत्र में और मजबूत होगा। बेहतर सड़क संपर्क, तेज आवाजाही और बढ़ता व्यापार भारत को हिमालयी क्षेत्र में निर्णायक बढ़त देता है। नेपाल को डर है कि इससे उसका भूराजनीतिक महत्व घट सकता है और वह भारत चीन समीकरण में पीछे छूट सकता है।रणनीतिक नजर से देखें तो यह कदम कई स्तरों पर अहम है। एक तो यह सीमा क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे की मजबूती का संकेत है। पहले जहां सामान खच्चरों और भेड़ों के जरिए ले जाया जाता था, अब सड़क मार्ग ने पूरे समीकरण को बदल दिया है। समय घटेगा, लागत कम होगी और व्यापार की मात्रा कई गुना बढ़ेगी। इसके अलावा, यह भारत की उस नीति को दर्शाता है जिसमें सीमावर्ती क्षेत्रों को आर्थिक रूप से सक्रिय कर सुरक्षा को मजबूत किया जा रहा है।

## खाटू श्याम का लोकेशन, मुनीर का प्लान, योगी का तगड़ा एक्शन शुरू

संवाददाता।

लखनऊ। आरोपी सोहेल मलिक उर्फ रोमियो, सानेकरम उर्फ महक समेत छह लोग गिरफ्तार किए गए और इन्हें जेल भेज दिया गया। मुनीर के स्लीपर सेल का भंडाफोड़ होते ही एनआईए, आईबी, यूपी, एटीएस, गाजियाबाद क्राइम ब्रांच और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गहराई से छानबीन शुरू की। तो पता चला कि इस नेटवर्क का टारगेट देश के सैन्य ठिकाने, सैनिक गतिविधि ायां और धार्मिक जगहें थी। हारे हुए का सहारा कहे जाने वाले बाबा खाटूश्याम का धाम आतंकियों के टारगेट पर है। बॉर्डर के पार से दुश्मन ने खाटूश्याम मंदिर को उड़ाने का पूरा प्लान तैयार कर रखा है। मंदिर से जुड़ा इनपुट पाकिस्तान भी ख्संगीत, पहुंचा दिया गया था। लेकिन ऐसा हो पाता उससे पहले योगी फोर्स ने मुनीर की स्लीपर सेल को धबोचा। खतरे में थी 4 लाख से ज्यादा लोगों की जान। आतंकी अपनी साजिश में कामयाब हो पाते उससे पहले ही मुनीर का खाटू प्लान योगी ने फेल कर दिया। मुनीर के प्यादे जिन्हें उसने राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटूश्याम मंदिर और देश के सैन्य ठिकानों के बारे में जानकारी जुटाने की जिम्मेदारी सौंपी हुई थी। मुनीर के ये स्लीपर सेल कई बार खाटू शश्याम मंदिर की रेकी भी कर चुकी थी। पुलिस को इनके मोबाइल से कई मंदिरों के फोटो और वीडियो बरामद हुए हैं। जांच में पता चला है कि खाटू श्याम मंदिर की लोकेशन, वीडियो और फोटो तो पाकिस्तान भेजे भी जा चुके थे। यानी खाटूश्याम मंदिर में कोई बड़ी अनहोनी होने वाली थी जो योगी फोर्स की मुस्तैदी के चलते टल गई। योगी फोर्स ने गाजियाबाद के कौशांबी इलाके में पाकिस्तान के लिए काम करने वाले जासूसी नेटवर्क का पर्दाफाश किया। आरोपी सोहेल मलिक उर्फ तो पता चला कि इस नेटवर्क का टारगेट देश के सैन्य ठिकाने, सैनिक गतिविधियां और धार्मिक जगहें थी। जिनके बारे में




रोमियो, सानेकरम उर्फ महक समेत छह लोग गिरफ्तार किए गए और इन्हें जेल भेज दिया गया। मुनीर के स्लीपर सेल का भंडाफोड़ होते ही एनआईए, आईबी, यूपी, एटीएस, गाजियाबाद क्राइम ब्रांच और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गहराई से छानबीन शुरू की। जानकारी जुटाकर उसे पाकिस्तान में बैठे अपने हैंडलर तक पहुंचाना था। देश के साथ गद्दारी करने के लिए इन लोगों को पाकिस्तान से सीधी फंडिंग हो रही थी। सैन्य ठिकाने पर होने वाली हर गतिविधि को पाकिस्तान तक पहुंचाने का प्लान तैयार था।

## दीदी की 10 प्रतिज्ञा से बंगाल साधने की तैयारी, महिलाओं के साथ-साथ बेरोजगार युवाओं के लिए मासिक भत्ते का ऐलान

एजेंसी।

पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में चुनाव होंगे और मतगणना 4 मई को होगी। तृणमूल कांग्रेस के घोषणापत्र का मुख्य आधार दीदी के 10 वादे हैं, जिनमें कल्याण और विकास के वादे शामिल हैं। पार्टी ने लक्ष्मी भंडार योजना के तहत सहायता राशि में 500 रुपये की वृद्धि करने का वादा किया है, जिससे सामान्य वर्ग की महिलाओं के लिए मासिक सहायता राशि 1,500 रुपये और अनुसूचित जातिध्अनुसूचित जनजाति लाभार्थियों के लिए 1,700 रुपये हो जाएगी। पार्टी बेरोजगार युवाओं को बांग्लार युवा–साथी योजना के तहत 1,500 रुपये का मासिक भत्ता देना जारी रखेगी और भूमिहीन किसानों सहित किसानों को सहायता देने के लिए 30,000 करोड़ रुपये का कृषि बजट पेश करेगी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को राज्य में दो चरणों में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का घोषणापत्र जारी किया। लगातार चौथी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही बनर्जी ने कहा कि घोषणापत्र में उनके 10 श्प्रतिज्ञाएंश शामिल हैं, जिन्हें आगामी चुनावों के बाद उनकी पार्टी के सत्ता में लौटने पर पूरा किया जाएगा। कोलकाता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, टीएमसी सुप्रीमो ने कहा कि उनकी 10 प्रतिज्ञाएं राज्य के और विकास में सहायक होंगी। उन्होंने केंद्र में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार पर अपनी सरकार के खिलाफ शषड्यंत्रश रचने का आरोप लगाते हुए हमला जारी रखा। बनर्जी ने कहा कि हम चुनावों के दौरान कई षड्यंत्र देखते हैं, लेकिन इस बार तो उन्होंने सारी हदें पार कर दी हैं। पश्चिम बंगाल में 23 और



29 अप्रैल को दो चरणों में चुनाव होंगे और मतगणना 4 मई को होगी। तृणमूल कांग्रेस के घोषणापत्र का मुख्य आधार दीदी के 10 वादे हैं, जिनमें कल्याण और विकास के वादे शामिल हैं। पार्टी ने लक्ष्मी भंडार योजना के तहत सहायता राशि में 500 रुपये की वृद्धि करने का वादा किया है, जिससे सामान्य वर्ग की महिलाओं के लिए मासिक सहायता राशि 1,500 रुपये और अनुसूचित जातिध् अनुसूचित जनजाति लाभार्थियों के लिए 1,700 रुपये हो जाएगी। पार्टी बेरोजगार युवाओं को बांग्लार युवा–साथी योजना के तहत 1,500 रुपये का मासिक भत्ता देना जारी रखेगी और भूमिहीन किसानों सहित किसानों को सहायता देने के लिए 30,000 करोड़ रुपये का कृषि बजट पेश करेगी। घोषणापत्र में प्रत्येक परिवार के लिए पक्के मकान और सभी घरों में पाइप से पीने का पानी पहुंचाने का वादा किया गया है, साथ ही घर–घर जाकर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए वार्षिक श्दुआरे चिकित्साश शिविर आयोजित करने का भी प्रावधान है।

## हेल्थकेयर इनोवेशन समिट 2026 में रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय ने परचम लहराया -प्रो. नितिका कौशल व डॉ. प्रशांत भटनागर सम्मानित

### संस्थापक अध्यक्ष डा. अतुल कृष्ण एवं कुलपति प्रो. डा. हिमांशु ऐरन को बताया प्रेरणास्रोत

विजडम इंडिया संवाददाता।
देहरादून, 19 मार्च 2026।

रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय की प्रोफेसर एवं डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. नितिका







कौशल तथा सुभारती शिक्षा समूह के ही गौतम बुद्ध चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. केकेबीएम सुभारती हॉस्पिटल के डॉ. प्रशांत कुमार भटनागर को हिमालयन हेल्थकेयर इनोवेशन समिट 2026 के दौरान उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

प्रो. नितिका कौशल को "वुमेन लीडरशिप इन हेल्थकेयर" सम्मान से नवाजा गया, जबकि डॉ. प्रशांत कुमार भटनागर को "एक्सीलेंस इन मेडिकल एजुकेशन एंड इंस्टिट्यूशनल इनोवेशन" के क्षेत्र में सम्मान प्रदान किया गया। डॉ. भटनागर कम्युनिटी मेडिसिन डिपार्टमेंट में एसोसिएट प्रोफेसर हैं। वे समिट में "एआई, स्मार्ट हॉस्पिटल्स – डिजिटल हेल्थ" विषय पर आयोजित एक महत्वपूर्ण पैनल डिस्कशन में पैनलिस्ट के रूप में भी शामिल हुए।

यह समिट वेलोक्स मीडिया द्वारा हयात सेंट्रिक, देहरादून में आयोजित किया गया, जिसमें उत्तराखंड के माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राज शेखर जोशी, उत्तराखंड की महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. सुनीता टम्टा तथा एससीपीसीआर की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना सहित अनेक वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की।

अपने संबोधन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा कि हिमालयी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए निवारक एवं सामुदायिक आधारित स्वास्थ्य प्रणाली को प्राथमिकता देना आवश्यक है। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सशक्त हुई है। उन्होंने 'ट्रीटमेंट' से पहले 'हीलिंग' पर ध्यान देने, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (।प्), टेलीमेडिसिन तथा मजबूत प्राथमिक स्वास्थ्य ढांचे को बढ़ावा देने और पीपीपी मॉडल में जवाबदेही सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

इस अवसर पर प्रो. नितिका कौशल एवं डॉ. प्रशांत कुमार भटनागर ने संयुक्त रूप से कहा कि "यह सम्मान हमारे लिए गर्व का विषय है। हम रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हैं, जिसने हमें निरंतर नवप्रवर्तन और उत्कृष्टता के लिए प्रेरित किया। हम विशेष रूप से विश्वविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अतुल कृष्ण एवं कुलपति प्रो. डॉ. हिमांशु ऐरन को अपना प्रेरणास्रोत मानते हैं, जिनके मार्गदर्शन में हमें कार्य करने का अवसर मिला।"

प्रो. नितिका कौशल ने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अपने उल्लेखनीय योगदान से विद्यार्थियों के समग्र विकास, आध ुनिक शिक्षण पद्धतियों के प्रोत्साहन एवं शैक्षणिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं डॉ. प्रशांत कुमार भटनागर ने मेडिकल एजुकेशन, संस्थागत नवप्रवर्तन तथा स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों में अपनी सक्रिय भूमिका से विशिष्ट पहचान बनाई है।

समिट में हिमालयी एवं पूर्वोत्तर राज्यों से आए विशेषज्ञों ने सार्वजनिक स्वास्थ्य, महिला स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, डिजिटल हेल्थ और पीपीपी मॉडल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। 150 से अधि क प्रतिभागियों और 40 से अधि क विशेषज्ञों की सहभागिता के साथ यह आयोजन स्वास्थ्य क्षेत्र में नवप्रवर्तन, सहयोग और जागरूकता को बढ़ावा देने वाला एक प्रभावी मंच साबित हुआ।

## मान-मनौव्वल के बाद एनडीए में बनी बात, मुख्यमंती रंगासामी की एआईएनआरसी को 16, बीजेपी को 14 सीटें

एजेंसी।

पुडुचेरी विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए गठबंधन में सीट बंटवारे पर सहमति बन गई है, जिसमें एआईएनआरसी 16 और भाजपा 14 सीटों पर चुनाव लड़ेगीय यह समझौता मुख्यमंत्री एन रंगासामी और केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया के बीच बातचीत के बाद हुआ है। पुडुचेरी में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए एआईएनआरसी और भाजपा के बीच सीट बंटवारे के समझौते को अंतिम रूप दिए जाने के बाद चुनावी गठबंधन और मजबूत हो गए हैं। एआईएनआरसी के मुख्यमंत्री एन रंगासामी और भाजपा के केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने समझौते को अंतिम रूप दिया, जिसके तहत एआईएनआरसी को 16 सीटें और भाजपा को 14 सीटें आवंटित की गईं, जिनमें एआईएडीएमके और एलजेके के लिए भी सीटें शामिल हैं। इस समझौते से 9 अप्रैल को होने वाले चुनावों का मार्ग प्रशस्त



हो गया है, जिसमें केंद्र शासित प्रदेश की सभी 30 सीटों पर एक ही चरण में मतदान होगा। सूत्रों के मुताबिक, रंगासामी जल्द ही अपना नामांकन दाखिल करने वाले हैं और इस बार दो निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने की संभावना है। अब यह स्पष्ट हो गया है कि पुडुचेरी में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (।प्छत्ब्) राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (छक।) का नेतृत्व करती रहेगी। गुरुवार शाम तक यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि रंगासामी एनडीए छोड़कर अभिनेता विजय की पार्टी, तमिलगा वेट्री कजगम (टीवीके) के साथ गठबंधन कर सकते हैंय हालांकि, भाजपा ने तुरंत अपने चुनाव प्रभारी – केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया – को विशेष विमान से पुडुचेरी भेजा और ऐसा लगता है कि वे रंगासामी को मनाने में सफल रहे। इस बीच, कांग्रेस और एमके स्टालिन की द्रविड़ मुन्नेत्र कजगम (डीएमके) के बीच गठबंधन भी गतिरोध में फंसा हुआ है। पिछले चुनावों की तरह, इस बार भी कांग्रेस पुडुचेरी में धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन (एसपीए) का नेतृत्व करना चाहती हैय हालांकि, डीएमके ने दृढ़ता से कहा है कि तमिलनाडु की तरह ही पुडुचेरी में भी गठबंधन का नेतृत्व वही करेगी। पुडुचेरी में नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि सोमवार होने के साथ, डीएमके सूत्रों का मानना छ्है कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन शुक्रवार या शनिवार को पुडुचेरी में गठबंधन को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। गुरुवार को, पुडुचेरी के मुख्यमंत्री रंगासामी पड़ोसी राज्य तमिलनाडु के मंदिरों की तीर्थयात्रा पर गए और उन्होंने सलेम स्थित श्री सर्गुरु अप्पा पैथियम स्वामीगल मंदिर के दर्शन किए।

## केरला मेरा घर, लोग परिवार, राहुल गांधी ने यूडीएफ के लिए मांगा समर्थन, कहा- बदलाव तय है

एजेंसी।

केरल विधानसभा चुनाव से पहले, राहुल गांधी ने यूडीएफ को टीम केरलम बताते हुए अपना पूर्ण समर्थन दिया और कहा कि राज्य बदलाव के लिए तैयार है। उन्होंने विश्वास जताया कि अनुभवी और युवा नेताओं का यह गठबंधन जनता की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है और एक ईमानदार सरकार देगा। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केरल में संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे (यूडीएफ) के प्रति समर्थन व्यक्त करते हुए कहा कि यह गठबंधन जनता की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है और आगामी विधानसभा चुनावों के लिए तैयार है। ग पर एक पोस्ट में गांधी ने लिखा कि टीम यूडीएफ ही टीम केरलम है। प्रत्येक उम्मीदवार केरलम के लोगों की आवाज, आकांक्षाओं और विश्वास का प्रतिनिधित्व करता है। यह अनुभवी नेताओं और युवा परिवर्तनकर्ताओं का एक समूह है – ऐसे मजबूत पुरुष और महिलाओं की टीम जो अपने प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों की बारीकियों को समझते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि मेरे लिए केरलम घर है और केरलम के लोग परिवार हैं। मैं लोगों का बहुत आभारी हूं, उन्होंने मुझे जो कुछ भी सिखाया है और जिस प्यार और स्नेह से मुझे अपनाया है, उसके लिए – मैं हमेशा आपका साथी रहूंगा। उन्होंने आगे कहा कि केरल से संदेश स्पष्ट है – लोग बदलाव के लिए तैयार हैं, वे ऐसी सरकार चाहते हैं जो उनकी बात सुने, समझे और ईमानदारी से काम करे।

# ईद-उल-फितर पर लखनऊ में कड़ी सुरक्षा, नमाज स्थलों पर व्यापक पुलिस और ट्रैफिक व्यवस्था लागू

लखनऊ(आरएनएस )। ईद–उल–फितर के पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए लखनऊ पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा एवं यातायात प्रबंध किए गए हैं। चांद दिखने के अनुसार 21 मार्च 2026 को मनाए जाने वाले इस पर्व पर बड़ी संख्या में लोग नमाज अदा करने के लिए शहर के प्रमुख स्थलों पर एकत्र होंगे, जिसे देखते हुए प्रशासन ने विशेष सतर्कता बरती है।शहर के प्रमुख नमाज स्थलों में ऐशबाग ईदगाह, टीले वाली मस्जिद, आसिफी मस्जिद (बड़ा इमामबाड़ा) तथा ठाकुरगंज स्थित जामा मस्जिद शामिल हैं, जहां सुन्नी और शिया समुदाय के लोग अलग–अलग समय पर नमाज अदा करेंगे।पश्चिमी लखनऊ में सुरक्षा व्यवस्था के तहत वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसमें एक पुलिस उपायुक्त (क्ब्च्), पांच अपर पुलिस उपायुक्त (।क्ब्च्), दस सहायक पुलिस आयुक्त (।ब्च्) के साथ 47 निरीक्षक, 456 उपनिरीक्षक और 606 मुख्य आरक्षीध्आरक्षी शामिल हैं। इसके अलावा यातायात प्रबंधन के लिए भी अलग से पुलिस बल तैनात किया गया है, जिसमें एक ।क्ब्च्, तीन ।ब्च्, छह निरीक्षक, 33 उपनिरीक्षक, 102 आरक्षी और 54 होमगार्ड लगाए गए हैं। अतिरिक्त सुरक्षा के तौर पर 14 कंपनियां प्रांतीय सशस्त्र बल, वायरलेस यूनिट और स्थानीय खुफिया इकाई (स्प्न्) की टीमें भी सक्रिय रहेंगी।भीड़भाड़ वाले इलाकों में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सादे कपड़ों में महिला पुलिसकर्मियों के साथ एंटी रोमियो स्क्वॉड, पिंक पेट्रोल और डायल 112 की टीमें लगातार गश्त करेंगी।सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों की संयुक्त ब्रीफिंग कर ड्यूटी पॉइंट, रूट प्लानिंग और वीवीआईपी प्रोटोकॉल की जानकारी दी गई है। इसके साथ ही भीड़ प्रबंधन और आपात स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल भी आयोजित की गई है।तकनीकी स्तर पर भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। नमाज स्थलों और प्रमुख मार्गों पर 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है, जबकि सोशल मीडिया के माध्यम से भी लगातार नजर रखी जा रही है। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विभिन्न मार्गों पर डायवर्जन लागू किया गया है, जिसकी एडवाइजरी अलग से जारी की जाएगी।लखनऊ पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करें और जारी किए गए ट्रैफिक डायवर्जन का पालन करें, ताकि ईद का पर्व शांति, सौहार्द और गरिमा के साथ संपन्न हो सके।

# एक साल से परेशान बुजुर्ग महिला को मिली राहत

प्रयागराज। झूंसी क्षेत्र की 67 वर्षीय महिला पिछले लगभग एक वर्ष से भोजन के बाद भारीपन, बार–बार कच्ची डकार, उल्टी, गले में जलन और भोजन के मुंह में वापस आने जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रही थीं। इन लक्षणों के कारण उनका दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा था और दवाइयों से केवल अस्थायी राहत मिल पा रही थी।लगातार परेशानी के बाद मरीज ने स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में परामर्श लिया। यहां एंडोस्कोपी सहित विस्तृत जांच में उन्हें हायटल हर्निया नामक बीमारी का पता चला। इन सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. वैभव श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम ने सावधानीपूर्वक योजना बनाकर मरीज का सफलतापूर्वक लैप्रोस्कोपिक फंडोप्लिकेशन ऑपरेशन किया। टीम में डॉ. तरुण कालरा, डॉ. निशांत शुक्ला, डॉ. हर्षित शर्मा, डॉ. सृष्टि सिकदर और डॉ. सौरभ मिश्रा शामिल रहे। निश्चेतना विभाग से डॉ. शिवेंदु ओझा और डॉ. साक्षी सिंह के मार्गदर्शन में डॉ. पल्लवी सूद एवं डॉ. उत्कर्ष मजूमदार ने सहयोग किया। ऑपरेशन थिएटर में प्रमिला राय, दिनेश, फैयाज एवं अन्य कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।यह एक आधुनिक मिनिमली इनवेसिव सर्जरी है, जिसमें छोटे चीरे के माध्यम से पेट के ऊपरी हिस्से को इस प्रकार व्यवस्थित किया जाता है कि एसिड रिफ्लक्स रुक जाए।

# बीबीएयू में एआई और उभरती प्रौद्योगिकियों पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी, डिजिटल भविष्य पर हुआ व्यापक मंथन

लखनऊ(आरएनएस ), । बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा "बुद्धिमान और सतत डिजिटल भविष्य के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं उभरती प्रौद्योगिकियाँ" विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की, जबकि विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने इसमें सहभागिता कर एआई के विभिन्न आयामों पर अपने विचार रखे।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। मंच पर जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रो. टी.वी. विजय कुमार, बीबीएयू के सलाहकार प्रो. मनोज जोशी, संकायाध्यक्ष प्रो. एम.पी. सिंह, विभागाध्यक्ष एवं संयोजक डॉ. राजश्री, जर्मनी के आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. विष्णु अनुराग, प्रो. आर.ए. खान सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे, जबकि सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) से डॉ. कुंदन मिश्रा ऑनलाइन माध्यम से जुड़े।अपने संबोधन में कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज मानव जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है, लेकिन इसका उपयोग किस दिशा में हो रहा है, यह महत्वपूर्ण प्रश्न है। उन्होंने कहा कि तकनीक के प्रवाह को रोका नहीं जा सकता, इसलिए इसके साथ संतुलित और जिम्मेदार सहयोग जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को 'लर्न, अर्न और रीलर्न' के सिद्धांत को अपनाने का संदेश देते हुए निरंतर सीखने और स्वयं को अद्यतन रखने पर बल दिया। साथ ही उन्होंने तकनीक के साथ आध्यात्मिकता, संतुलन और मानवीय मूल्यों को बनाए रखने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।प्रो. टी.वी. विजय कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि एआई का संतुलित और जिम्मेदार उपयोग जीवन को सकारात्मक दिशा दे सकता है। उन्होंने इसे सहायक तकनीक के रूप में अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि अत्यधिक निर्भरता से निजता में कमी, रोजगार पर प्रभाव और मानवीय क्षमताओं में गिरावट जैसी चुनौतियाँ उत्पन्न हो सकती हैं।जर्मनी से आए आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. विष्णु अनुराग ने चिकित्सा क्षेत्र में एआई के उपयोग पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रोबोटिक सर्जरी, एमआरआई और सीटी स्कैन के विश्लेषण तथा 3डी रिकंस्ट्रक्शन तकनीक के माध्यम से उपचार अधिक सटीक और प्रभावी हो रहा है। वहीं सिडनी से जुड़े डॉ. कुंदन मिश्रा ने बैंकिंग और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में एआई के बढ़ते प्रभाव और उससे उत्पन्न नई संभावनाओं एवं चुनौतियों पर चर्चा की।इस अवसर पर संगोष्ठी के सोवेनियर का विमोचन भी किया गया तथा अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में तीन तकनीकी सत्रों और एक पैनल चर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें 'सामाजिक बदलाव में एआई की भूमिका' और 'कार्य का भविष्य एवं मानव–एआई सहयोग' जैसे विषयों पर गहन विमर्श हुआ।

# 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश में विकास, विश्वास और सुशासन की सरकार- प्रभारी मंत्री

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश सरकार के "नवनिर्माण के 9 वर्ष" पूर्ण होने के अवसर पर प्रभारी मंत्री, जनपद प्रयागराजध् मंत्री, जल शक्ति विभाग (सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) स्वतंत्र देव सिंह ने जिला पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए प्रदेश सरकार की 9 वर्षों की उपलब्धियां तथा प्रयागराज में विगत 9 वर्षों में हुए कार्यों एवं बदलावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधिगणों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल, महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 वी0के0 सिंह, विधायक फूलपुर दीपक पटेल, विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्य, विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद, विधायक शहर उत्तर हर्षवर्धन वाजपेयी, महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह की उपस्थिति रही।इसके पूर्व प्रभारी मंत्री जी ने जिला पंचायत परिसर में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के द्वारा जनहित में क्रियान्वित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, परियोजनाओं, कार्यों से सम्बंधित केन्द्र सरकार के 11 वर्षों तथा प्रदेश सरकार की 9 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित 9 दिवसीय प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया तथा प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री के जिला पंचायत परिसर में संस्कृति विभाग के द्वारा पौराणिक एवं सांस्कृतिक पाण्डुलिपियों पर आधारित लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

कार्यक्रम में प्रभारी स्वतंत्र देव सिंह के द्वारा विधवा पेंशन योजना की 05 लाभार्थियों और वृद्धावस्था पेंशन के 3 लाभार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर सांसद फूलपुर



प्रवीण पटेल व महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी ने भी अपने विचार रखते हुए प्रदेश सरकार की उपलब्धियां बतायी। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी जी0पी0 कुशवाहा, परियोजना निदेशक भूपेन्द्र सिंह, जिला पंचायतराज अधिकारी रवि शंकर द्विवेदी, डीसी मनरेगा गुलाब चन्द्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संतोष कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आकांक्षा के द्वारा किया गया।

# मलिहाबाद पुलिस की कार्रवाई शादी का झांसा देकर युवती को बंधक बनाने वाला अभियुक्तगिरफ्तार

लखनऊ(आरएनएस )। लखनऊ पुलिस के थाना मलिहाबाद क्षेत्र में महिला सुरक्षा के प्रति सजगता दिखाते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर युवती को बहला–फुसलाकर ले जाने, बंधक बनाकर रखने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। कमिश्नरेट पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में महिला अपराधों के खिलाफ कड़ा संदेश गया है।पुलिस के अनुसार 18 मार्च 2026 को वादिनी द्वारा थाना मलिहाबाद में लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया गया था कि शिवप्रभात उर्फ टीटू निवासी ग्राम ढेढेमऊ उसकी पुत्री को शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया और अपने घर में बंधक बनाकर रखा। आरोप यह भी है कि उसने युवती के साथ गलत कार्य किया, जबकि उसकी बहनें शिल्पी और संध्या ने पीड़िता को कमरे में बंद कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।इस मामले में थाना मलिहाबाद पर मु0अ0सं0 53ध्26 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। प्रारंभिक स्तर पर पॉक्सो एक्ट की धाराएं भी जोड़ी गई थीं, लेकिन विवेचना के दौरान पीड़िता की आयु शैक्षिक अभिलेखों के आधार पर लगभग 18 वर्ष 9 माह पाई गई। इसके बाद न्यायालय में दर्ज बयान और तथ्यों के आधार पर पॉक्सो एक्ट की धाराओं को विलोपित कर दिया गया।पुलिस टीम ने 20 मार्च 2026 को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी शिवप्रभात उर्फ टीटू को ग्राम ढेढेमऊ क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को उसके अपराधों से अवगत कराते हुए नियमानुसार न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आगे की विधिक कार्रवाई प्रचलित है।मामले में नामित अन्य सह–अभियुक्ताओं शिल्पी और संध्या के खिलाफ साक्ष्य संकलन की कार्रवाई जारी है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।पुलिस के मुताबिक अभियुक्त ने युवती को शादी का झांसा देकर अपने साथ ले जाकर बंधक बनाया, उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। गिरफ्तार अभियुक्त मजदूरी का कार्य करता है और उसकी उम्र करीब 21 वर्ष बताई जा रही है।

# प्रयागराज में तेज बारिश, दिन में छाया अंधेरा

## आंधी का अलर्ट जारी, 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरा तापमान

प्रयागराज। गुरुवार देर रात से हल्की बूंदाबांदी जारी है। शुक्रवार सुबह भी तेज गड़गड़ाहट के साथ बारिश हुई। शहर के साथ ही बमरौली, फाफामऊ, नैनी और तेलियरगंज जैसे इलाकों में सुबह से तेज बारिश हुई। कुछ जगहों पर तेज हवा के साथ बारिश



होने से मौसम अचानक बदल गया और तापमान में करीब 5 से 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है।मौसम विभाग ने आज तूफान के आने की संभावना है। इस दौरान हवा की रफ्तार 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। इसे देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।शुक्रवार को मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह साढ़े छह बजे हुई झमाझम बारिश से मौसम खुशगवार हो गया। बादलों की तेज गर्जना के साथ हुई बारिश से सड़कों के साथ गली मुहल्लों में जल जमाव हो गया। बिजली गिरने से ग्रामीण इलाकों में एक किसान की मौत हो गई। उसका बेटा गंभीर रूप से झुलस गया है। कई मवेशी भी असमय काल के गाल में समा गए हैं। बारिश जिले के अधिकांश स्थानों पर हुई। दिन पर सूर्य के दर्शन नहीं हुए। दोपहर में भी बूंदाबांदी होती रही। शहर के कालिंदीपुर, अल्लापुर, दारागंज, सिविल लाइंस, कटरा, जानसेनगंज, अलोपीबाग, धूमनगंज, नैनी, झूंसी, फाफामऊ, अटाला, चौक आदि इलाकों में झमाझम बारिश हुई। सोरांव, नवाबगंज, शंकरगढ़, जसरा, मेजा, मांडा, कोरांव, करछना, फूलपुर, लालगोपालगंज, मऊआइमा, सोरांव, सहसों, हंडिया, प्रतापपुर, बरौत, जंघई आदि इलाकों में बरसात हुई। कई दिनों से मौसम की चेतावनी की के बाद शुक्रवार को बरसात से मौसम का रुख बदल गया। किसानों को बारिश से काफी नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। अरहर और गेहूं की फसल के चौपट होने की आशंका से किसान परेशान हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस पर दुधवा में इको-टूरिज्म को बढ़ावा, 8.79 करोड़ की परियोजनाओं से बनेगा विश्वस्तरीय पर्यटन हब

लखनऊ,(आरएनएस ) । अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस (21 मार्च) के अवसर पर उत्तर प्रदेश में इको–टूरिज्म को नई दिशा देने की तैयारी तेज हो गई है। तराई की समृद्ध जैव विविधता और हरियाली के लिए प्रसिद्ध दुधवा नेशनल पार्क को विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए सरकार ने 8.79 करोड़ रुपये की पहली किश्त जारी की है। यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देगी।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस की थीम "वन और अर्थव्यवस्थाएं" है, जो वन संसाधनों को रोजगार, पर्यटन और आर्थिक विकास से जोड़ने का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में इको–टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड इस दिशा में लगातार नवाचार कर रहा है।

दुधवा नेशनल पार्क के इंटरप्रिटेशन सेंटर के विकास के लिए लगभग 4.49 करोड़ रुपये की योजना स्वीकृत की गई है, जिसमें से 3.36 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। इस परियोजना के तहत एक आकर्षक मुख्य प्रवेश द्वार, स्वागत कक्ष, नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर, कैंटीन, बहुउद्देशीय सभागार और पुस्तकालय का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। साथ ही थारू जनजाति की संस्कृति को दर्शाने वाले विशेष सेल्फी प्वाइंट भी बनाए जाएंगे, जिससे पर्यटकों को स्थानीय जीवन से जुड़ने का अवसर मिलेगा।इसी क्रम में लखीमपुर खीरी के महेशपुर वन रेंज को इको–टूरिज्म के रूप में विकसित करने के लिए 2.39 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी गई है, जिसमें से 1.78 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की गई है। यहां पेयजल सुविधा, बैठने के लिए विशेष स्थान, गजीबो, वर्षा जल संचयन प्रणाली, इंटरलॉकिंग पाथवे, 3क पशु आकृतियां और सेल्फी प्वाइंट विकसित किए जाएंगे।

इसके अलावा एलईडी स्ट्रीट लाइट और सोलर लाइट्स की व्यवस्था भी की जाएगी।पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दिल्ली–एनसीआर और लखनऊ से दुधवा जाने वाले प्रमुख मार्गों पर साइनेज (संकेतक बोर्ड) लगाने की योजना भी शुरू की गई है। इसके लिए 4.88 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है, जिसमें से 3.65 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। इससे बाहरी राज्यों और अन्य क्षेत्रों से आने वाले पर्यटकों को मार्ग ढूंढने में आसानी होगी।पर्यटन मंत्री ने कहा कि दुधवा और महेशपुर में विकसित हो रही ये आधुनिक सुविधाएं पर्यटकों को बेहतर अनुभव प्रदान करेंगी।

# बंथरा में दर्दनाक घटना जहरीला पदार्थ सेवन से मां-बेटे की मौत, पिता की हालत गंभीर


लखनऊ,(आरएनएस ) । थाना बंथरा क्षेत्र के ग्राम नीवा में शुक्रवार को एक ही परिवार के तीन सदस्यों द्वारा जहरीला पदार्थ सेवन करने की दर्दनाक घटना सामने आई है। डायल 112 उत्तर प्रदेश के माध्यम से मिली सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और राहत एवं जांच कार्य शुरू किया।मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने पाया कि रूपनारायण चौरसिया (55 वर्ष), उनके पुत्र संदीप चौरसिया (30 वर्ष) और पत्नी तारावती (50 वर्ष) के मुंह से झाग निकल रहा था, जिससे जहरीले पदार्थ के सेवन की पुष्टि हुई। गंभीर अवस्था में रूपनारायण को परिजनों द्वारा स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।इस हृदयविदारक घटना में संदीप चौरसिया और तारावती की मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस जांच में दोनों मृतकों के शरीर पर किसी भी प्रकार के बाहरी चोट के निशान नहीं पाए गए हैं, जिससे प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।पुलिस ने आवश्यक पंचायतनामा की कार्यवाही पूरी कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके पर पुलिस के उच्चाधिकारी भी मौजूद रहे और पूरे घटनाक्रम की निगरानी करते रहे। वहीं फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन किया।जांच के दौरान मृतक संदीप की जेब से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसे पुलिस ने कब्जे में लेकर उसकी जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले के सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए गहनता से जांच की जा रही है और सुसाइड नोट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।प्राथमिक जांच में पारिवारिक या आर्थिक कारणों की आशंका जताई जा रही है,

# मां कल्याणी का हुआ ब्रह्मचारिणी स्वरूप का श्रृंगार दर्शन

प्रयागराज। मां कल्याणी देवी मंदिर धाम में चल रहे नवरात्रि महोत्सव के द्वितीय दिवस शुक्रवार को प्रातःकाल 5 बजे मां कल्याणी का महामंत्री श्याम जी पाठक ने विधि विधान पूर्वक मंगला आरती किया। तत्पश्चात मंदिर प्रांगण में दूर–दूर से आए भारी संख्या में भक्त शतचंडी महायज्ञ में शामिल हुए और पूजन हवन कर यज्ञशाला की परिक्रमा की। कुछ भक्तों इअपने बच्चों को कर्णछेदन एवं मुंडन कराया।

तत्पश्चात शाम 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक मां कल्याणी देवी का ब्रम्हचारिणी स्वरूप का श्रृंगार दर्शन प्राप्त कर मां के जयकारे लगाए। इस अवसर पर मां कल्याणी देवी मंदिर धाम के अध्यक्ष पंडित सुशील कुमार पाठक ने शाम 7 बजे मां की महाआरती और रात्रि 12रू30 बजे शयन आरती की। उन्होंने बताया कि नवरात्रि के तृतीय दिवस शनिवार को मां कल्याणी का श्रृंगार चंद्रघंटा स्वरुप में किया जाएगा। जिसमें मां सिंह पर आरूढ़ होगी और उनकी दस भुजाएं रहेंगी।

इस अवसर मां कल्याणी देवी मंदिर के अंतर्गत श्री नवसंवत्सर मानस समिति के द्वारा आयोजित किए जा रहे श्री राम कथा के द्वितीय दिवस पर कथा का व्याख्यान करते हुए कथा वाचक डॉक्टर अनिरुद्ध जी महाराज ने कहा कि मनुष्य को राम कथा से जीवन जीने की संजीवनी मिलती है। उन्होंने आगे अंगद एवं रावण के संवाद का वर्णन करते हुए



कहा कि जिसको अपने आराध्य पर श्रद्धा और विश्वास होता है उसकी सदा विजय होती है।कथा का संचालन प्रवक्ता पंडित ओंकारनाथ त्रिपाठी ने किया। इस अवसर समिति के अध्यक्ष और पूर्व विधायक पंडित उदय भान करवरिया, महापौर गणेश केसरवानी, पंडित अनिल पाठक, कृष्ण कुमार पाठक महामंत्री सुबोध खन्ना, बाबू त्रिपाठी, राजेश केसरवानी ने हजारों भक्तों के साथ आरती की और कथा का श्रवण किया।

# मोदी सरकार कर्तव्य पालन विफल श- प्रमोद तिवारी

प्रयागराज। प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता विरोधी दल, राज्य सभा ने कहा है कि मोदी सरकार जनता के प्रति अपने कर्तव्य पालन में पूरी तरह विफल हो गयी है, और जमाखोरी एवं मुनाफाखोरी की इन्तहां कर दी है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 110 से 120 डॉलर प्रति बैरल के बींच मंडरा रही है और पेट्रोलियम पर युद्ध का अभी कोई असर भी नहीं पड़ा है किन्तु फिर भी केन्द्र सरकार ने 2ध् रुपये प्रति लीटर प्रीमियम पेट्रोल की कीमत बढ़ा दिया है।श्री तिवारी ने केन्द्र सरकार से सवाल करते हुये कहा है कि यदि यही दाम कोई डीलर बढ़ाया होता तो उसे चोर बाजारी करने वाला, मुनाफाखोरी करने वाला और अवसरवादी कहा जाता। किन्तु जब यही काम ष्मोदी सरकारष कर रही तो उसे भी अवसरवादी और मुनाफाखोर कहा जाना चाहिए।श्री तिवारी ने कहा है कि जब अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत घट कर लगभग 60 डॉलर प्रति बैरल हो गयी थी, तब तो सरकार ने कीमत कम नहीं की थी, विक्री का दाम नहीं घटाया था और डीजल पेट्रोल उसी दाम पर बेंचा जा रहा था, और 26 से 30 लाख करोड़ से अधिक का मुनाफा कमाकर केन्द्र सरकार ने कहा था कि हमने ऐसा इसलिये किया है ताकि इस धनराशि से हम पुराना घाटा पूरा कर सकें, और आगे की स्थिति से निपटने के लिये तैयार रहें। श्री तिवारी ने जोर देते हुये कहा है कि आज केन्द्र सरकार ने मुनाफाखोरी करते हुये जो दाम बढ़ाये हैं वह मुनाफाखोरी और अवसरवादिता हैं।

# मौसम ने ली करवट, बूंदाबांदी व तेज ठंडी हवा से किसानों की बढ़ी चिंता

सुल्तानपुर(आरएनएस ) ।क्षेत्र में शुक्रवार सुबह करीब सात बजे अचानक मौसम ने करवट ले ली आसमान में घनघोर बादल छा गए, गड़गड़ाहट के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। इसके बाद तेज ठंडी हवाएं चलने लगीं, जिससे तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की गई। मौसम के इस अप्रत्याशित बदलाव से आमजन को गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली, लेकिन किसानों की चिंता बढ़ गई है। तेज हवा और हल्की बारिश का असर खेतों में साफ दिखने लगा है। हाल ही में सिंचाई की गई गेहूं समेत अन्य फसलों के गिरने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, पककर तैयार खड़ी सरसों की फसल को भी नुकसान पहुंचने की संभावना है। किसानों का कहना है कि यदि मौसम का यही मिजाज कुछ देर और बना रहा तो फसलों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। अचानक बदले मौसम को लेकर ग्रामीण इलाकों में चर्चा का माहौल बना रहा। किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए फसलों की सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आए। मौसम विभाग की अगली स्थिति पर अब किसानों की निगाहें टिकी हैं।



# सड़क हादसे में एक परिवार के तीन लोग घायल

सुल्तानपुर(आरएनएस )। शुक्रवार को एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए। यह दुर्घटना धम्मौर थाना क्षेत्र के महेशरगंज पुलिया के पास हुई, जहां एक बोलेरो ई–रिक्शा से बचने के प्रयास में सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। घायलों की पहचान राहुल कुमार गुप्ता, उनके पिता राकेश गुप्ता और माता सरोज देवी के रूप में हुई है। राहुल के दाहिने हाथ में फ्रैक्चर आया है। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया है। पीड़ित राहुल कुमार गुप्ता ने बताया कि वे अपनी कार से लगभग 40 किमी/घंटा की रफ्तार से जा रहे थे। इसी दौरान एक ई–रिक्शा चालक ने गलत तरीके से ओवरटेक करने का प्रयास किया। ई–रिक्शा से बचने के प्रयास में उनकी कार सड़क किनारे एक पेड़ के ठूंठ से टकरा गई, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। राहुल कुमार गुप्ता मूल रूप से चंडीगढ़ के निवासी हैं, लेकिन उनका पैतृक गांव धम्मौर (सुल्तानपुर) है। वे अपने गांव धम्मौर से प्रयागराज जा रहे थे, जहां उन्हें अपनी साली के एक पारिवारिक समारोह में शामिल होना था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी ई–रिक्शा चालक को हिरासत में ले लिया है और उसका नाम, पता तथा अन्य विवरण दर्ज कर लिया गया है। दुर्घटनाग्रस्त ई–रिक्शा को भी जब्त कर लिया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



# ब्रज धरा पर भक्ति में सराबोर रहीं महामहिम, संतों से की मुलाकात

## -मंदिरों में दर्शन और पूजा अर्चना की, कल करेगी गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा

(मथुरा)(ए.के.शर्मा)

कान्हा नगरी मथुरा में अपने तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भक्ति रस में सराबोर नजर आयीं। वृंदावन पहुंचीं मुर्मू ने प्रख्यात संतों से भेंट कर आशीर्वाद लिया, वहीं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। बारिश के बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की प्रेमानंद महाराज से मुलाकात हुई। शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सुबह 7 बजे बारिश के बीच परिवार के साथ प्रेमानंद महाराज के वृंदावन स्थित आश्रम पहुंची।



राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू ने संत प्रेमानंद महाराज को हाथ जोड़कर प्रणाम किया और 25 मिनट तक आध्यात्मिक चर्चा की। प्रेमानंद महाराज ने राधे राधे कहकर उनका अभिवादन स्वीकार किया। आश्रम में राष्ट्रपति का संतों ने माला चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया। राष्ट्रपति ने प्रेमानंद महाराज जी को जन्मदिन की बधाई दी। प्रेमानंद महाराज जी का गुरुवार यानी 19 मार्च को 56वां जन्मदिन था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रामकृष्ण मिशन हॉस्पिटल पहुंची और यहाँ कैंसर यूनिट का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मथुरा के रामकृष्ण मिशन सेवा आश्रम चौरिटेबल अस्पताल में आधुनिक कैंसर यूनिट का उद्घाटन किया। यह 400 बेड वाला अस्पताल 118 वर्षों से गरीबों को किफायती कॉर्पोरेट जैसी स्वास्थ्य सेवाएं दे रहा है। सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजामों के बीच राष्ट्रपति का यह दौरा ब्रज की सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत को सम्मान देने वाला रहा। राष्ट्रपति ने संतों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आध्यात्मिक गुरु समाज को सकारात्मक दिशा देने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। भेंट के अंत में महाराज श्री ने राष्ट्रपति को स्मृति चिन्ह और प्रसाद भेंट किया। इस दौरान उन्होंने देश की समृद्ध सांस्कृतिक और सेवा परंपरा को आगे बढ़ाने में मिशनरी संस्थाओं की भूमिका को सराहा। दौरे के अगले चरण में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विश्व प्रसिद्ध नींव करौरी बाबा आश्रम पहुंचीं। उन्होंने हनुमान मंदिर में विधि विधान से पूजा–अर्चना की और मंदिर की परिक्रमा की। इसके उपरांत उन्होंने बाबा नींव करौरी के समाधि स्थल पर शीश नवाया और वहां स्थित संग्रहालय का बारीकी से अवलोकन किया। महामहिम शनिवार को गोवर्धन परिक्रमा करेंगी। आश्रम परिवार की ओर से उन्हें बाबा का प्रिय कंबल, चित्र और प्रसाद भेंट किया गया। इस पूरे भ्रमण के दौरान प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी और प्रभारी मंत्री संदीप सिंह सहित प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इससे पहले गुरूवार को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का जनपद मथुरा के कैंट हेलीपैड पर आगमन हुआ। कैंट हेलीपैड में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का स्वागत महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी , प्रभारी मंत्री राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बेसिक शिक्षा विभाग संदीप सिंह, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, मथुरा वृन्दावन नगर निगम के महापौर विनोद अग्रवाल, लेफ्टिनेंट जनरल वी0 हरिहरन , अपर पुलिस महानिदेशक आगरा अनुपम कुलश्रेष्ठ , मंडलायुक्त आगरा नगेन्द्र प्रताप , ग्रुप कैप्टन शिवम मनचंदा , जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा श्लोक कुमार द्वारा किया गया।

# 11 हजार लाइन की तार टूटकर गिरने से 50 वर्षीय व्यक्तगंभीर रूप झुलसे

बाराबंकी शुक्रवार सुबह लगभग 10 बजे बारिश व तेज हवाओं से 11 हजार लाइन बिजली का तार टूटने से मुश्ताक अंसारी लगभग 50 वर्षीय निवासी महमूदाबाद गंभीर रूप से झुलस गये जिससे आसपास मौजूद लोगों में अफरा–तफरी मच गई लोगो के मुताबिक यह घटना उस समय घटी जब मुश्ताक अंसारी सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल महमूदाबाद के बगल एक नई की दुकान पर डाढ़ी बाल कटवाकर निकले थे तभी तेज हवा के साथ बारिश के कारण बिजली का तार टूटकर गिर गया और मुश्ताक अंसारी के दोनो पैर बूरी तरह झुलस गये जिन्हे एम्बुलेन्स से सीएचसी सिरौलीगौसपुर ले जाया गया जहां हालत गंभीर होने के कारण बाराबंकी रेफर किया गया लगातार स्थित नाजुक होने पर लखनऊ ट्रामा सेंटर इलाज के लिए भेजा गया।

# जनसेवा के भाव से कार्य करने वाले संस्थान समाज कल्याण के संवाहक: महामहिम

**- राम×ष्ण मिषन जैसे संस्थान स्वस्थ राष्ट्र के प्रयासों को बना रहे सषक्त**

**- सेवाश्रम अस्पताल के नंदकिषोर सोमानी अश्न्कोलश्जी ब्लश्क का महामहिम ने किया विधिवत उद्घाटन**

(वृन्दावन)(ए.के.शर्मा)

रामकृष्ण मिषन मानवीय संवेदना की उस परंपरा को जी रहा है, जो नर–सेवा नारायण सेवा के विचार के साथ युगपुरुष स्वामी विवेकानंद द्वारा प्रसारित की गई। ऐसे संस्थान स्वस्थ राष्ट्र के प्रयासों को सषक्त बनाने में सहयोगी और सहभागी हैं। यह विचार शुक्रवार को रामकृष्ण मिषन सेवाश्रम अस्पताल में कैंसर रोगियों को समर्पित आधुनिकतम चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित नंदकिषोर सोमानी ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का उद्घाटन करने के दौरान देष की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू ने व्यक्त किये।

महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और लगभग 12 बजे सेवाश्रम के नवनिर्मित ऑन्कोलॉजी ब्लॉक में पहुंचीं, जहां सेवाश्रम के संतों द्वारा उनका अभिनंदन किया गया। इसके बाद उन्होंने नंदकिषोर सोमानी ऑन्कोलॉजी ब्लॉक की षिलापट्टिका का अनावरण वैदिक मत्रोच्चार के मध्य किया। इस दौरान उनके साथ उत्तर प्रदेष की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल, प्रदेष के गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी और बेसिक षिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह भी रहे। सभी गणमान्यों ने ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का भ्रमण कर वहां की सुविधाओं को निकट से देखा। इसके बाद स्वामी विवेकानंद ऑडिटोरियम में अपने अभिभाषण के दौरान महामहिम श्रीमती द्रोपदी मुर्मू ने कहा कि वृन्दावन धाम दिव्यता और भक्ति की जीवंत भूमि है, जहां से भक्ति का शाष्वत संदेष पूरी दुनिया में प्रसारित होता है। उन्होंने भरोसा जताया कि भविष्य में इस आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित ऑन्कोलॉजी ब्लॉक में रोगियों को सही और सुरक्षित उपचार मिलेगा। उन्होंने मिषन के अनवरत सेवा कार्य के लिए अपनी शुभकामना व्यक्त करते हुए कहा कि आज केवल इस ब्लाक का उद्घाटन ही नहीं हुआ बल्कि कैंसर रोगियों के उपचार के लिए आषा का एक नया द्वार खुल गया है, जो निकटवर्ती क्षेत्रों के रोगियों को लाभान्वित करेगा। उत्तर प्रदेष की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि आज मानवीय सेवा के इस अध्याय के साक्षी बनकर हम गौरवान्वित हैं। यह रामकृष्ण मिषन के सेवा, करुणा और समर्पण की ज्योति है जो 118 वर्षों से निरंतर प्रज्जवलित हैं, जो पीड़ित, निर्धन और उपेक्षित मानवता के लिए आषा की किरण है। उन्होंने कहा कि आज स्वास्थ्य सुविधओं का विकास नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ रहा है क्योंकि बड़ी इमारतें और चमकती सड़के ही विकास का मानक नहीं होतीं बल्कि नागरिकों का स्वास्थ्य, उनके चेहरों की मुस्कान और सुरक्षा से विकास के मानक तय होते हैं। प्रदेष के केबिनेट मंत्री लक्ष्मीनाराण चौधरी ने कहा कि उन्होंने बचपन से इस अस्पताल के सेवा कार्यों को निकट से देखा है, जो नर–सेवा ही नारायण सेवा के वास्तविक भाव का सटीक चित्रण करता है। कोरोना महामारी के दौरान इस अस्पताल ने ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति का उत्तर प्रदेष सरकार और समस्त ब्रजवासियों की ओर से ब्रजभूमि में अभिनंदन करते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति हम सभी को गौरवान्वित कर रही है। रामकृष्ण मिषन बेलूर मठ के उपाध्यक्ष स्वामी विमलात्मानंद महाराज ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि यह ब्लॉक और यहां कार्य करने वाले सभी लोग स्वयं स्वामी रामकृष्ण परमहंस की कृपा से अभिसिंचित हैं। उन्होंने अस्पताल की सेवा भावना को साधना की परंपरा बताते हुए कहा कि 118 वर्ष पूर्व निर्मित यह अस्पताल आज उन चुनिंदा अस्पतालों में है जो वर्तमान में श्री राधारानी और स्वामी रामकृष्ण देव की कृपा से आधुनिकतम सुविधाओं से सुसज्जित सेवा का वटवृक्ष है।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ ठा. बांकेबिहारी महाराज और स्वामी रामकृष्ण देव के चित्रपट के समक्ष महामहिम तथा अन्य गणमान्यों द्वारा दीप प्रज्जवलन से हुआ। स्वामी विमलात्मानंद महाराज द्वारा महामहिम राष्ट्रपति, महामहिम राज्यपाल, प्रदेष के केबिनेट मंत्री और बेसिक षिक्षा मंत्री को स्मृति स्वरुप युगपुरुष स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा भेंट की। रामकृष्ण मिषन सेवाश्रम अस्पताल के सचिव स्वामी सुप्रकाषानंद महाराज ने सेवाश्रम अस्पताल की सेवा परंपरा और रोगी नारायण को दी जा रही सुविधाओं पर प्रकाष डाला। अस्पताल के सह सचिव स्वामी कालीकृष्णानंद महाराज ने इस सेवा प्रकल्प में योगदान देने वाले एचडीएफसी बैंक असेट मेनेजमेंट कंपनी लि0 तथा सभी सहयोगियों और आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर स्वामी सर्वलोकानंद महाराज, एचडीएफसी बैंक एएमसी के एमडी नवनीत मनोट, स्वामी आत्मश्रद्धानंद महाराज, स्वमी ओजोमयानंद, स्वामी रुद्रनाथानंद, स्वामी देवतानंद, डॉ. थानसिंह तोमर, डॉ. प्रषान्त पाठक, डॉ. गणेष शार्मा डॉ सर्वेष गुप्ता, नगर निगम के उपसभापति मुकेष सारस्वत, डॉ. विनोद बनर्जी, अनूप शर्मा, संदीप अरोड़ा, विनीत शर्मा, देवेन्द्र शर्मा, विष्णुदान शर्मा आदि मौजूद रहे।




# युवती से दुष्कर्म का आरोपी देवव्रत गया जेल

## मकान निर्माण की ठेकेदारी के दौरान यौन शोषण का मामला

सुलतानपुर(आरएनएस )। मकान निर्माण की ठेकेदारी करने के दौरान युवती से दुष्कर्म के आरोप से जुड़े मामले में आरोपी देवव्रत मिश्र को गिरफ्तार कर बृहस्पतिवार को एसीजेएम कोर्ट में पेश किया गया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अलंकृता शक्ति त्रिपाठी की अदालत ने मामले में आरोपी की रिमांड स्वीकार करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया है।

कोतवाली देहात थाने की एक गांव की रहने वाली युवती के पिता ने बृहस्पतिवार को स्थानीय कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। वादी के आरोप के मुताबिक कूरेभार थाने के फूलपुर के रहने वाले आरोपी ने मकान निर्माण करने का ठेका लिया था,इसी दौरान आरोपी ने वादी की पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। मामले में वादी ने देवव्रत के साथ कोतवाली देहात के पकड़ी–पूरे उमानाथ के रहने वाले विशाल उर्फ रमाशंकर को भी नामजद किया है। मामले के आरोपी देवव्रत की गिरफ्तार कर प्रतापगंज चौकी प्रभारी रमेश सिंह व हेड कांस्टेबल वीरेंद्र मिश्र ने अदालत में पेश किया। अदालत ने मामले में आरोपी को जेल भेजने का आदेश दिया है।

# पकड़ने गयी महाराष्ट्र पुलिस से ग्रामीणों ने की मारपीट

जौनपुर(आरएनएस ) ।सिकरारा थाना क्षेत्र के रिठी गांव में गुरुवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब सादे कपड़ों में पहुंचे तीन अजनबी युवकों को ग्रामीणों ने संदिग्ध समझकर मारपीट शुरू कर दी। यह घटना महाराष्ट्र से जुड़े एक आपराधिक मामले से संबंधित बताई जा रही है। मछलीशहर निवासी अवधेश सिंह महाराष्ट्र में रहते थे। वहां पैसे के लेनदेन को लेकर उनका किसी व्यक्ति से विवाद हो गया था, जिसके संबंध में स्थानीय थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस ने जांच के दौरान मोबाइल लोकेशन ट्रेस की, जिससे आरोपी की रिश्तेदारी जौनपुर के सिकरारा थाना क्षेत्र के रिठी गांव में होने का पता चला। बीती रात महाराष्ट्र पुलिस के तीन जवान सादे कपड़ों में रिठी गांव पहुंचे। उन्होंने अपनी गाड़ी गांव से कुछ दूरी पर खड़ी की और सीधे उस घर में गए, जहां आरोपी की लोकेशन मिल रही थी। घर में अचानक अजनबी लोगों को देखकर परिजनों ने शोर मचाना शुरू कर दिया ।शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण लाठी–डंडे लेकर मौके पर जमा हो गए। उन्होंने तीनों युवकों को संदिग्ध समझकर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। स्थिति बिगड़ती देख, तीनों पुलिसकर्मी किसी तरह अपनी जान बचाकर पास के खेतों में छिप गए। इसके बाद उन्होंने सिकरारा थाने को फोन कर मदद मांगी। सूचना मिलने पर सिकरारा थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। पूछताछ में पुष्टि हुई कि ये तीनों महाराष्ट्र पुलिस के जवान थे और रिठी गांव में एक आरोपी को पकड़ने आए थे। आरोपी, जो मछलीशहर का निवासी बताया गया है, पुलिस के पहुंचने से पहले ही फरार हो गया था।

# स्वामी वैद्य शाला में मनाया गया नूतन विक्रमी संवत 2083 के अभिनंदन का समारोह

विजडम इंडिया संवाददाता।
नई दिल्ली, 19 मार्च

स्वामी वैद्यशाला, द्वारका, सेक्टर–7 में विश्व आयुर्वेद परिषद, दिल्ली प्रांत द्वारा नूतन संवत्सर 2083 बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।सायं 3 बजे से 7 तक चले इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए इंचगिरी मठ के आचार्य स्वामी शिवानंद महाराज जी ने क्रियायोग के महत्व को बताया। आत्मज्ञान के लिए साधना के संदर्भ में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सुयोग्य आचार्य से सीखकर क्रियायोग का अभ्यास करना चाहिए।

अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित अंतर्राष्ट्रीय आयुर्वेद स्पीकर डा. अखिलेश शर्मा ने आयुर्वेद के वैश्विक स्वरूप का उल्लेख किया। विशिष्ट अतिथि, चौधरी ब्रह्म प्रकाश चरक आयुर्वेद संस्थान के प्रोफेसर वैद्य महेश कुमार ने हिंदू नववर्ष और नवरात्र के महत्व को स्वास्थ्य की दृष्टिकोण से विवेचन किया।




डा. वैद्य योगेश कुमार पाण्डेय, कायचिकित्सा के प्रोफेसर, चौ. ब्र. चरक आयुर्वेद संस्थान ने सहभागियों के प्रश्नों का सटीक समाधान किया। विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री डा. सरोत्तम शर्मा ने हिंदू समाज के समक्ष उपस्थित समस्याओं पर कार्यकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया। उन्होने हिंदुओं और हिंदू सनातन धर्म को बचाने संरक्षित करने पर बल दिया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए अंतरराष्ट्रीय व विश्व विभाग प्रमुख, विश्व आयुर्वेद परिषद वैद्य डा. स्वामीनाथ मिश्र ने आयुर्वेद पंचकर्म के उपयोगिता को शरीर संशोधन, चिकित्सा और रिजूविनेशन के लिए आवश्यक बताया। डा. वैद्य मिश्र ने अपने वैश्विक अनुभव के आधार पर आयुर्वेद को भविष्य के न केवल स्वास्थ्य विज्ञान अपितु आध्यात्मिक ज्ञान और सनातन शाश्वत धर्म भी बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्व आयुर्वेद परिषद, दिल्ली प्रांत के अध्यक्ष एवं दिल्ली स्थित प्रेमाधार आयुर्वेद संस्थान के संस्थापक डा. वैद्य नामाधार शर्मा ने विश्व आयुर्वेद परिषद स्थापना दिवस के संदर्भ में तथा संगठन का भी परिचय और भावी योजना की जानकारी दी तथा आगामी कार्यक्रमों में सहयोग करने और परिषद का सदस्य बनने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का प्रारंभ माननीय अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन तथा पं. अजय तिवारी द्वारा स्वस्ति वाचन के साथ प्रारंभ हुआ।

कार्यक्रम में उपस्थित कर्मा आयुर्वेद के उपाध्यक्ष वैद्य डॉ हिमांशु शेखर तिवारी जी, पंडित रमाकांत मिश्र, राजनाथ पाण्डेय, ज्ञानेश्वर वत्स, राजेश वत्स, जितेंद्र पांचाल, रंजीत असवाल, दिलीप मिश्र, अयोध्या से पधारे वैभव मिश्र, राम लखन दूबे, योगाचार्य अभिषेक जी, योगाचार्या सरस्वती जी, सामाजिक कार्यकर्ता दीपक सहगल, डा. महेन्द्र कुमार गेरा जी, डा. राजीव रंजन गौड़, ओंकार जी, अविनाश कामले (महाराष्ट से), रुपाली, कमला, शाश्वत जी, सीमा मिश्रा, रिंकू, नेहा, कमलेश यादव, सहित अनेक संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

सभा का संपूर्ण व्यय सहित अल्पाहार आदि का वहन स्वामी वैद्य शाला द्वारा सहर्ष किया गया। सभी माननीय अतिथियों को उत्तरीय वस्त्र, लक्ष्मीकमल का पौधा भेंट कर स्वामी वैद्य शाला द्वारा सम्मानित भी किया गया। सुप्रसिद्ध कलाकार एवं संगीत के आचार्य देवेश जी ने मनमोहक शिवस्त्रोत प्रस्तुत किया।

विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा मार्गों को भगवा ध्वज से सुसज्जित किया गया ।कार्यक्रम का संयोजन डा. अवधेश पाण्डेय ने अपने सहकर्मियों, वैद्य शीशपाल, निरूपा तथा जितेंद्र के सहयोग से किया।

वैद्य शाला की मुख्य संचालिका डा. शिवानी मिश्र पाण्डेय ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। सामूहिक विश्व कल्याण मंत्र के साथ समारोह संपन्न हुआ।

# स्वास्थ शिविर में 150 का चेकअप कर दिया दवा

जौनपुर(आरएनएस )। भरथी पुर गांव के पंचायत भवन पर वेल्सपन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नॉलेज और मानव संसाधन एवम महिला विकास संस्थान के सयुंक्त तत्वाधान मे रामपुर ब्लॉक के सहयोग से भरथीपुर गांव में एक दिवशीय स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में गांव के 150 से अधिक महिलाए और किशोरियां स्वास्थ चेकप कराकर दवा दिया गया । उदघाटन करते हुए दीपिका यादव ने सभी महिलाओ को खान पान पर विशेष ध्यान देने कों कहा और ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओ को बताया की आप लोग जब भी बीमार होती है तो आप लोग तुरंत सीएचसी रामपुर पर तुरंत दिखाए और आप लोगो को स्वस्थ चेकब भी किया जाएंगा वहा पर एक्सरे, बल्ड जांच भी होंगा ।

# गोमती नदी के विजयीपुर घाट पर बनेगा पीपा पूल

जौनपुर(आरएनएस )। विधायक व पूर्व मंत्री जगदीश नारायण राय की पहल गोमती नदी के राजेपुर त्रिमुहानी (रामेश्वर घाट) से विजयीपुर घाट के बीच गोंमती नदी पर पीपा पुल निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। शासन ने इस बहुप्रतीक्षित परियोजना के लिए 50 लाख 87 हजार रुपये की स्वीकृति दे दी है।बताया जा रहा है कि विधायक ने 29 अक्टूबर 2025 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान आकर्षित किया था।

# ईरान वार पर वार किये जा रहा है मगर खाड़ी देश पलटवार की हिम्मत तक नहीं दिखा पा रहे

सबसे खतरनाक बात यह है कि अब ऊर्जा खुद एक हथियार बन चुकी है। गैस संयंत्र, तेल क्षेत्र और बंदरगाह अब सैन्य निशाने हैं। अगर यह सिलसिला जारी रहा तो दुनिया को एक ऐसे ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ सकता है जो पहले कभी नहीं देखा गया।तेल, गैस और बारूद की गंध अब एक साथ हवा में तैर रही है। पश्चिम एशिया में भड़की जंग ने दुनिया को ऐसे मोड़ पर ला खड़ा किया है जहां हर अगला दिन एक नए खतरे का संकेत दे रहा है। यह सिर्फ दो देशों के बीच का टकराव नहीं रहा, बल्कि पूरी वैश्विक ऊर्जा व्यवस्था को सीधे निशाने पर ले आया है।देखा जाये तो इजराइल ने जब ईरान के साउथ पार्स गैस क्षेत्र पर हमला किया, तो यह सीधा उस नस पर वार था जिससे पूरी दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति चलती है। जवाब में ईरान ने भी देर नहीं की और कतर के रास लफ्फान गैस केंद्र को निशाना बना दिया। यह वही केंद्र है जो दुनिया की कुल गैस आपूर्ति का बड़ा हिस्सा संभालता है। यानी अब जंग सिर्फ सीमाओं पर नहीं, बल्कि दुनिया की रसोई और उद्योगों तक पहुंच चुकी है। तेल बाजार में हाहाकार मच गया। कीमतें अचानक उछलकर एक सौ बीस डॉलर के करीब पहुंच गईं। यह सिर्फ आर्थिक उतार चढ़ाव नहीं था, बल्कि उस डर का इजहार था कि फारस की खाड़ी अब बारूद का ढेर बन चुकी है, जहां से किसी भी वक्त पूरी दुनिया प्रभावित हो सकती है।

इस बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक



अजीब–सा दोहरा रुख अपनाया। एक तरफ उन्होंने कहा कि अमेरिका का इस हमले से कोई लेना देना नहीं, दूसरी तरफ ईरान को खुली चेतावनी दे डाली कि अगर कतर पर दोबारा हमला हुआ तो साउथ पार्स को पूरी तरह तबाह कर दिया जाएगा। यहीं से कहानी और पेचीदा हो जाती है। अब तक अमेरिका और इजराइल एक ही पाले में नजर आते थे, लेकिन अब दोनों के मकसद अलग अलग दिखने लगे हैं। ट्रंप एक कारोबारी की तरह सोचते हैं, वह ईरान पर दबाव बनाकर उसे अपने हिसाब से झुकाना चाहते हैं। लेकिन इजराइल की मंशा इससे कहीं आगे है, वह ईरानी शासन को पूरी तरह खत्म करना चाहता है। यह दरार अब अमेरिका के भीतर भी दिखने लगी है। ट्रंप के अपने समर्थक सवाल कर रहे हैं कि क्या अमेरिका किसी और की लड़ाई में उलझता जा रहा है।दूसरी तरफ ईरान ने भी साफ कर दिया है कि अब वह पीछे हटने वाला नहीं है। उसके विदेश मंत्री ने खुले शब्दों में कहा है कि अगर दोबारा उसके ऊर्जा ढांचे पर हमला हुआ तो वह बिना किसी संयम के पूरी ताकत से जवाब देगा। हम आपको बता दें कि ईरान ने सिर्फ कतर ही नहीं, बल्कि सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और बहरीन तक को अपने निशाने पर ले लिया है। मिसाइलें और ड्रोन अब पूरे क्षेत्र में घूम रहे हैं। हर हमला यह संकेत दे रहा है कि जंग अब फैल चुकी है और इसे रोकना आसान नहीं होगा। खाड़ी देशों की स्थिति सबसे ज्यादा नाजुक हो गई है। एक तरफ वह ईरान की कार्रवाई से नाराज हैं, दूसरी तरफ उन्हें डर है कि अगर वह सीधे युद्ध में उतर गए तो अमेरिका कभी भी पीछे हट सकता है और वह अकेले पड़ जाएंगे। हालांकि सऊदी अरब ने चेतावनी दी है कि जरूरत पड़ी तो वह सैन्य कार्रवाई करेगा। उधर, कतर ने ईरानी अधिकारियों को देश छोड़ने का आदेश दे दिया है। लेकिन इन सबके बीच एक अनकहा डर साफ दिखता है, यानि कोई भी देश पूरी तरह इस आग में कूदने को तैयार नहीं है। सबसे खतरनाक बात यह है कि अब ऊर्जा खुद एक हथियार बन चुकी है। गैस संयंत्र, तेल क्षेत्र और बंदरगाह अब सैन्य निशाने हैं। अगर यह सिलसिला जारी रहा तो दुनिया को एक ऐसे ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ सकता है जो पहले कभी नहीं देखा गया। यह संकट सिर्फ पेट्रोल या गैस की कीमतों तक सीमित नहीं रहेगा। इसका असर हर घर, हर उद्योग और हर देश पर पड़ेगा। महंगाई बढ़ेगी, आपूर्ति टूटेगी और अर्थव्यवस्थाएं हिल जाएंगी। अब सवाल यही है कि क्या इस आग को बुझाने का कोई रास्ता बचा है। सच यह है कि इस समय केवल अमेरिका ही ऐसा देश है जिसके पास दोनों पक्षों को रोकने की ताकत है। लेकिन क्या ट्रंप ऐसा करना चाहते हैं, यह सबसे बड़ा सवाल है। अगर अमेरिका बिना शर्त इजरायल का साथ देता रहा तो यह संघर्ष पूरी तरह ऊर्जा युद्ध में बदल जाएगा। लेकिन अगर वह दूरी बनाकर किसी समझौते की राह निकालता है, तभी हालात संभल सकते हैं। बहरहाल, एक चीज साफ दिख रही है कि कूटनीति नाकाम होती जा रही है। बातचीत की जगह अब धमाके सुनाई दे रहे हैं। हर देश अपनी ताकत दिखाने में लगा है, लेकिन कोई भी यह नहीं सोच रहा कि इसका अंत कहां होगा।

# सम्पादकीय

## प्रस्ताव पारित होने की संभावना नहीं

अविश्वास प्रस्ताव ओम बिरला के खिलाफ के जारी एवं गहराती गई शिकायतों को ऑन– रिकॉर्ड लाने की विपक्ष की कोशिश का हिस्सा है। वरना, विपक्ष भी अवगत रहा है कि इस प्रस्ताव के पारित होने की संभावना नहीं है।संसदीय लोकतंत्र में पीठासीन अधिकारी पर सदन का कोई पक्ष अविश्वास जताए, तो उस पर खेद ही प्रकट किया जा सकता है। लेकिन भारत अभी ऐसे ही अफसोसनाक दौर में है। हाल के वर्षों में विपक्षी दलों में यह शिकायत गहराती चली गई है कि संसद के दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारियों के लिए सत्ताधारी दल की प्राथमिकताएं संसदीय मर्यादा से अधिक अहम हो गई हैं। दोनों सदनों में इल्जाम लगाए जा चुके हैं कि पीठासीन अधिकारी सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के ष्एजेंटष् के रूप में काम कर रहे हैं।

लोकसभा में तो एक मौके पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने खुलेआम कहा था कि प्रधानमंत्री और विपक्षी नेताओं से मुलाकात के दौरान स्पीकर ओम बिरला का व्यवहार और हाव–भाव अलग–अलग होता है। तृणमूल कांग्रेस के एक सदस्य ने इल्जाम लगाया था कि बिरला सत्ता पक्ष के सदस्यों को नेहरू युग की घटनाओं का उल्लेख करने की इजाजत देते हैं, लेकिन विपक्ष के सदस्य अगर नोटबंदी जैसी अपेक्षाकृत हालिया घटनाओं का जिक्र करें, तो उसे कार्यवाही से निकाल देते हैं। ऐसे आरोपों की शृंखला बहुत लंबी हो चुकी है। बिरला के खिलाफ के विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को इसी संदर्भ में देखा जाएगा।

इसे जारी एवं गहराती गई शिकायतों को ऑन– रिकॉर्ड लाने की विपक्ष की कोशिश का हिस्सा माना जाएगा। वरना, विपक्षी दल भी वाकिफ रहे हैं कि सदन का गणित उनके पक्ष में नहीं है और इस प्रस्ताव के पारित होने की संभावना नहीं है। प्रस्ताव पर बहस से पहले प्रधानमंत्री और संसदीय कार्य मंत्री ने बिरला का जोरदार बचाव कर स्पष्ट कर दिया कि सत्ता पक्ष मजबूती से उनके हक में खड़ा है। अतरू सत्ता पक्ष में इस पर किसी पुनर्विचार की संभावना तक नहीं है कि आखिर विपक्ष इस हद तक क्यों गया और क्या उसकी शिकायतों को दूर करने के लिए कुछ किया जाना चाहिए? नतीजतन, स्पीकर के खिलाफ विपक्ष की आपत्तियां संभवतरू यथावत बनी रहेंगी, जिनका साया सदन की आगे की कार्रवाहियों पर पड़ता रहेगा। उस स्थिति में संवाद एवं अधिकतम सहमति निर्माण के मंच के बतौर सदन के आगे भी अपेक्षित भूमिका निभाने की उम्मीद कम ही है।

## पाक का काबूल पर कायराना हमला इंसानियत के लिये खतरा

कहते है कि पवित्र रमजान का महीना आत्मसंयम, करुणा और इंसानियत की सेवा का संदेश देता है। ऐसे समय में काबुल पर हुआ कथित कायराना हमला न सिर्फ मानवीय मूल्यों का अपमान है, बल्कि यह पूरी दुनिया के लिए गंभीर चिंता का विषय भी है। जब दुनिया शांति और सह–अस्तित्व की बात कर रही हो, तब इस तरह की हिंसक घटनाएं सभ्यता के मूल सिद्धांतों को चुनौती देती हैं।

रमजान का सार ही यह है कि इंसान अपने भीतर झांककर बुराइयों से दूर रहे और समाज में प्रेम, भाईचारे और सहयोग को बढ़ावा दे। लेकिन काबुल में हुआ हमला इस पवित्र भावना के ठीक विपरीत है। निर्दोष लोगों की जान लेना किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता। यह न केवल एक देश की संप्रभुता पर हमला है, बल्कि पूरी मानवता के खिलाफ अपराध है। यदि इस हमले में किसी भी देश या तत्व की संलिप्तता साबित होती है, तो अंतरराष्ट्रीय समुदाय को बिना किसी भेदभाव के सख्त कदम उठाने चाहिए। आतंक और हिंसा के प्रति चयनात्मक्य रवैया ही ऐसी घटनाओं को बढ़ावा देता है। जरूरत इस बात की है कि वैश्विक मंचों पर एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ ठोस और निष्पक्ष नीति अपनाई जाए। दक्षिण एशिया पहले से ही अस्थिरता और अविश्वास के दौर से गुजर रहा है। ऐसे में इस तरह की घटनाएं क्षेत्रीय शांति को और कमजोर करती हैं। यह समझना होगा कि युद्ध और हिंसा का रास्ता किसी समस्या का समाधान नहीं है। बातचीत, कूटनीति और आपसी विश्वास ही स्थायी शांति का आधार बन सकते हैं।आज सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या हम रमजान जैसे पवित्र अवसर पर भी इंसानियत का सम्मान नहीं कर सकते? काबुल की यह घटना हमें चेतावनी देती है कि अगर समय रहते हिंसा के इस चक्र को नहीं रोका गया, तो इसके परिणाम और भी भयावह हो सकते हैं। यह समय है जब दुनिया को एकजुट होकर यह संदेश देना चाहिए कि इंसानियत सर्वोपरि है। किसी भी प्रकार की हिंसा, चाहे वह किसी भी नाम पर हो, उसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। रमजान के इस पावन महीने में शांति, सहिष्णुता और मानवता के मूल्यों को पुनरू स्थापित करना ही सच्ची श्रद्धा होगी।

# ममता बनर्जी के किले में इस बार लग सकती है सेंध, पूरे वेस्ट बंगाल में बीजेपी ने बिछाई है जबरदस्त चुनावी बिसात

भाजपा ने सामाजिक समीकरणों पर भी खास ध्यान दिया है। अनुसूचित जाति और जनजाति सीटों पर मजबूत उम्मीदवार उतारकर पार्टी ने अपने आधार को और व्यापक बनाने का प्रयास किया है। उत्तर बंगाल से लेकर दक्षिण तक हर क्षेत्र में संतुलन साधने की रणनीति साफ दिख रही है।पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी पहली और दूसरी सूची जारी कर साफ संकेत दे दिया है कि इस बार वह आधी अधूरी तैयारी के साथ नहीं बल्कि पूरी ताकत, पूरी रणनीति और पूरी आक्रामकता के साथ मैदान में उतरी है। खासतौर पर दूसरी सूची में 111 उम्मीदवारों के नामों पर नजर डालने पर पता चलता है कि एक एक सीट पर गहरे मंथन के बाद उम्मीदवार तय किये गये हैं। हम आपको बता दें कि हिंगलगंज से रेखा पात्रा, खड़दह से कल्याण चक्रवर्ती, सोनारपुर दक्षिण से रूपा गांगुली, मथाभांगा से निसिथ प्रमाणिक, चोपड़ा से शंकर अधिकारी, बैरकपुर से कौस्तव बागची, कमरहाटी से अरूप चौधरी जैसे नाम सीधे चुनावी मुकाबले को और दमदार बना रहे हैं। इसके अलावा एंटाली से प्रियंका तिबरेवाल और मणिकतला से तपस रॉय जैसे उम्मीदवार राजनीतिक समीकरणों को पूरी तरह बदलने की क्षमता रखते हैं।अगर पहली सूची पर नजर डालें तो वहां भी बड़े नामों की भरमार है। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को नंदीग्राम के साथ–साथ भवानीपुर से उतारकर पार्टी ने सीधे ममता बनर्जी को चुनौती दे दी है। दिलीप घोष, स्वपन दासगुप्ता, अग्निमित्रा पाल, रुद्रनील घोष और बंकिम चंद्र घोष जैसे चेहरे इस चुनाव को हाई वोल्टेज बना रहे हैं। खास बात यह है कि इस बार पार्टी ने सिर्फ चर्चित चेहरों पर नहीं बल्कि जमीनी कार्यकर्ताओं पर भी भरोसा दिखाया है। आउसग्राम से कलिता माजी जैसी साधारण पृष्ठभूमि की कार्यकर्ता को टिकट देना इसी रणनीति का हिस्सा है।इस चुनाव का एक और बड़ा और चौंकाने वाला पहलू है पूर्व पुलिस आयुक्त डॉ. राजेश कुमार का राजनीति में प्रवेश। यह सिर्फ एक उम्मीदवार का नाम नहीं बल्कि भाजपा की रणनीतिक चाल है। डॉ. राजेश कुमार का प्रशासनिक अनुभव, वित्त और प्रबंधन में गहरी समझ और कानून व्यवस्था पर मजबूत पकड़ उन्हें एक अलग ही स्तर का नेता बनाती है। कोलकाता के पुलिस आयुक्त के रूप में उनका कार्यकाल, अपराध जांच विभाग और यातायात सुरक्षा जैसे अहम पदों पर उनकी भूमिका उन्हें आम नेता से अलग पहचान देती है।उनकी छवि एक सख्त लेकिन न्यायप्रिय अधिकारी की रही है। मानव तस्करी के खिलाफ उनकी मुहिम और कमजोर वर्गों की सुरक्षा के लिए किए गए काम उन्हें जनता के बीच भरोसेमंद चेहरा बनाते हैं। भाजपा के लिए यह कदम इसलिए भी फायदेमंद है क्योंकि बंगाल में कानून व्यवस्था एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है। ऐसे में एक पूर्व शीर्ष पुलिस अधिकारी का चुनावी मैदान में उतरना सीधे तौर पर संदेश देता है कि पार्टी व्यवस्था सुधारने के लिए गंभीर है।राजनीतिक रूप से भी यह दांव गहरा है। डॉ. राजेश कुमार का प्रशासनिक और बौद्धिक कद भाजपा को उस वर्ग में भी मजबूती देगा जो अब तक तटस्थ रहा है। उनकी कानूनी लड़ाइयों ने यह भी साबित किया है कि वह दबाव में झुकने वाले नहीं हैं। यह छवि भाजपा के लिए चुनाव में बड़ी पूंजी साबित हो सकती है।इस चुनाव को और भावनात्मक और विस्फोटक बनाने वाला मुद्दा है आरजी कर मेडिकल कॉलेज की घटना। उस दर्दनाक घटना ने पूरे बंगाल को झकझोर दिया था। अब पीड़िता की मां का राजनीति में आने का संकेत यह बता रहा है कि जनता के भीतर गुस्सा अभी ठंडा नहीं हुआ है। महिलाओं का सड़क पर उतरना, रात भर प्रदर्शन करना और न्याय की मांग करना तृणमूल सरकार के खिलाफ एक बड़ा जनमत बना चुका है। माना जा रहा है कि पीड़िता की मां ने भाजपा से पनिहाटी से टिकट मांगा है।

# विघुत क्षेत्र में भारत के नेतृत्वकारी क्षमता की राह बुलंद करनारू नई विकास गाथा को ऊर्जा प्रदान कर रहा है भारत

मनोहर लाल

प्राचीन प्रार्थना तमसो मा ज्योतिर्गमय – अर्थात हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो – केवल आध्यात्मिक आकांक्षा भर नहीं, अपितु आधुनिक भारत की गाथा को भी दर्शाती है। बीते दशक में, कभी लगातार कमी से परिभाषित होने वाले विद्युत इकोसिस्टदम को दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते, सबसे वैविध्यिपूर्ण और सुधार–प्रेरित विद्युत बाजारों में से एक में परिवर्तित कर हमने इस आदर्श भावना को वास्तविकता में बदल दिया है। जैसे–जैसे भारत स्वयं को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र, उभरती हुई डिजिटल अर्थव्यवस्था और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में जिम्मेदार नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित कर रहा है, वैसे–वैसे विद्युत क्षेत्र हमारी राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मकता की आधारशिला बन गया है। पिछले दशक में, हमने उत्पादन और पारेषण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि की है, जिससे राष्ट्रीय ऊर्जा की कमी वित्त वर्ष 2013–14 में 4.2 प्रतिशत से घटकर वित्त वर्ष 2025–26 तक मात्र 0.03 प्रतिशत रह गई है। केवल वित्त वर्ष 2025–26 में ही (जनवरी 2026 तक), सभी स्रोतों से रिकॉर्ड 52.53 गीगावाट क्षमता जोड़ी गई है, जो एक ही वर्ष में जोड़ी गई अब तक की सर्वाधिक क्षमता है, जिसने 2024–25 में स्थापित 34.05 गीगावाट के पिछले सर्वोच्च स्तर को भी पार कर लिया है। कुल विद्युत उत्पादन वित्त वर्ष 2014 में 1,020.2 बीयू से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में 1,830 बीयू हो गया है। प्रति व्यक्ति खपत 2014 में 957 किलोवाट–घंटे से बढ़कर 2025 में 1,460 किलोवाट–घंटा हो गई है, जो आर्थिक विकास और बेहतर पहुँच को दर्शाती है। इससे यह सुनिश्चित हुआ है कि हर घर, खेत और उद्योग के पास उसकी आवश्यकता के अनुसार विश्वसनीय विद्युत उपलब्धघ हो और भारत अब दुनिया में विद्युत का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता बन गया है।

यद्यपि हम 520 गीगावाट से अधिक विद्युत उत्पानदित करने में सक्षम हैं, लेकिन किसी भी प्रणाली की असली परीक्षा अधिकतम मांग या पीक लोड को बिना किसी तरह के संचालनात्मक दबाव के संभाल सकने की उसकी क्षमता होती है। साल 2024 की गर्मियों में अधिकतम मांग रिकॉर्ड 250 गीगावाट तक पहुँच गई थी और वित्त वर्ष 2025–26 में यह 242.49 गीगावाट रही। इससे पहले मांग में इस तरह की वृद्धि से ग्रिड पर दबाव पड़ सकता था, लेकिन हमारे लोड डिस्पैच केंद्रों ने लगभग शून्य ऊर्जा हानि के साथ इसे सफलतापूर्वक प्रबंधित किया। यह मजबूती दुनिया के सबसे बड़े समकालिक ग्रिडों में से एक के कारण संभव हुई है, जिसमें 120 गीगावाट अंतर–क्षेत्रीय स्थानांतरण क्षमता है, जो देश को एक राष्ट्र–एक ग्रिड–एक फ्रीक्वेंसी में एकीकृत करती है।

प्रेरणादायक बात केवल यह नहीं है कि हम कितनी विद्युत का उत्पाषदन करते हैं बल्कि यह भी है कि हम उसे कैसे उत्पानदित करते हैं। गैर–जीवाश्म ईंधन पर आधारित क्षमता का अंश तेजी से बढ़ा है, जिसकी बदौलत भारत 50 प्रतिशत संचयी गैर–जीवाश्म ईंधन पर आधारित विद्युत क्षमता हासिल करने के अपने एनडीसी लक्ष्य को निर्धारित समय से लगभग पाँच वर्ष पहले ही हासिल करने में समर्थ हो सका है। यह स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और जलवायु के प्रति हमारी संकल्पिबद्धता को दर्शाता है।

2014 से, मिशन मोड योजनाओं के माध्यम से विद्युत क्षेत्र को नए रूप में ढाला गया है, जिन्होंने पहुँच का विस्तार करते हुए सतत परिवर्तन को भी गति दी है। दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना ने भारत के हर गांव तक बिजली पहुँचायी, इसके बाद सौभाग्य योजना आई, जिसने लाखों घरों को बिजली से रोशन किया और ऊर्जा तक पहुँच को सभी के लिए वास्तविकता बना दिया।

एक अन्य परिवर्तनकारी सुधार सितंबर 2025 में समान आईएसटीएस सबस्टेशनों पर सौर और गैर–सौर घंटों के लिए अलग–अलग कनेक्टिविटी की शुरुआत है। सौर परियोजनाओं को सौर घंटों के दौरान पहुँच मिलती है, जबकि भंडारण और पवन परियोजनाओं को गैर–सौर घंटों में पहुँच मिलती है। इससे बड़ी मात्रा में अप्रयुक्त पारेषण क्षमता का उपयोग संभव होता है, अतिरिक्त लाइनों की आवश्यकता के बिना नवीकरणीय और भंडारण परियोजनाओं के कमीशनिंग में तेजी आती है, पारेषण लागत घटती है और संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होता है।

डिजिटल सशक्तिकरण हमारे आधुनिकीकरण की गाथा का महत्वपूर्ण अंश है। संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के तहत 3.03 लाख करोड़ रुपये के खर्च के साथ हम पूरे देश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लागू कर रहे हैं, जिससे उपयोगिताओं और नागरिकों के बीच संबंधों में परिवर्तन आ रहा है। इस योजना के सकारात्मक परिणाम भी सामने आ चुके हैंरू एटी एंड सी हानियां 2021 में 21.91 प्रतिशत से घटकर 2025 में 15.04 प्रतिशत हो गई हैं, और प्रति यूनिट आपूर्ति पर अंडर–रिकवरी 69 पैसे से घटकर 6 पैसे रह गई है।

जैसे–जैसे हमारी डिजिटल अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है, भविष्य की मांग का पूर्वानुमान लगाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि वर्तमान मांग का प्रबंधन करना। डेटा सेंटर की क्षमता 2030 तक 1.4 गीगावाट से बढ़कर 9 गीगावाट होने का अनुमान है, और केवल ये सुविधाएँ ही भारत की कुल विद्युत खपत के लगभग 3 प्रतिशत का उपयोग कर सकती हैं।

हमारा अगला लक्ष्य एआई, अनुसंधान एवं विकास और अन्य प्रौद्योगिकी–संचालित इकोसिस्टम से उत्पन्न विद्युत की विशाल और लगातार बढ़ती मांग को निरंतर रूप से पूरा करना है। जैसे–जैसे नवीकरणीय ऊर्जा का विस्तार हो रहा है, ऊर्जा भंडारण अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। भारत तेजी से बढ़ती डिजिटल अवसंरचना को स्वच्छ ऊर्जा से संचालित करने के लिए पम्प्ड स्टोरेज परियोजनाओं और बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियों का बड़े पैमाने पर विकास कर रहा है। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन भारत को स्वच्छ ईंधनों के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित कर रहा है, ग्रिड स्थिरता और नवीकरणीय ऊर्जा की अधिक पैठ को बढ़ावा दे रहा है।

हम परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भी निर्णायक कदम उठा रहे हैं, जो कम कार्बन और विश्वसनीय पावर मिक्सप का एक आवश्यक हिस्सा है। 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु क्षमता का हमारा लक्ष्य और स्ध्र्हृज्र्जढ्ढ अधिनियम, 2025, हमारी तकनीकी संप्रभुता को प्रमाणित करते हैं और निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए कानूनी व नीतिगत ढाँचा तैयार करते हैं। अब हमें जो चाहिए, और जिसे यह समिट उत्प्रेरित कर सकता है, वह है तकनीक, वित्त और आपूर्ति श्रृंखलाओं में वैश्विक साझेदारियाँ।

विकसित भारत को ऊर्जा प्रदान करने, ग्लौबल साउथ में विद्युतीकरण को तेज करने और मजबूत, भविष्य–सक्षम ऊर्जा तंत्र बनाने के लिए, हमें महत्वाकांक्षा तक सीमित न रह कर, समन्वित कार्रवाई की दिशा में आगे बढ़ना होगा। यही वह समय है जब सरकारें, उद्योग जगत के दिग्गज, नवप्रवर्तनकर्ता और वैश्विक साझेदार मिलकर एक ऐसी नई ऊर्जा संरचना का निर्माण करेंकृजो स्वच्छ, विश्वसनीय, डिजिटल रूप से एकीकृत और वैश्विक रूप से आपस में जुड़ी हुई हो। भारत को सीमा–पार विद्युत सहयोग का नेतृत्व करना चाहिएय अगली पीढ़ी के पारेषण, डिजिटल ग्रिड इंटेलिजेंस और ओएसओडब्ल्यूओजी –संरेखित बाजार तंत्र में साहसपूर्वक निवेश करना चाहिएय और डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए नवीकरणीय ऊर्जा, हाइड्रोपावर नवाचार, लचीले गैस संसाधनों और स्वच्छ ऊर्जा का त्वरित उपयोग करना चाहिए। इस गति को ट्रांसमिशन सिस्टम ऑपरेटर और डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम ऑपरेटर के बीच मजबूत समन्वय और 2047 तक के लिए एकीकृत पावर सेक्टर रोडमैप द्वारा और भी सुदृढ़ किया जाना चाहिए, जो भारत को मजबूत, टिकाऊ और किफायती विद्युतीकरण का वैश्विक मॉडल बनाए।

इस पृष्ठभूमि में, नई दिल्ली में आयोजित भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026 विशेष महत्व रखता है। यह ऐसे महत्वपूर्ण समय पर हो रहा है जब राष्ट्र टिकाऊ, सुरक्षित और प्रौद्योगिकी–संचालित विद्युत तंत्र की दिशा में अपने संक्रमण को तेज कर रहा है।

विकास को विद्युतीकृत करना, टिकाऊ भविष्य को मजबूत बनाना और दुनिया से जुड़ना (अर्थात इलेक्ट्रिफाइंग ग्रोथ, एम्पावरिंग सस्टेनेबिलिटी, कनेक्टिंग ग्लोबली) विषय के साथ, यह समिट विभिन्न हितधारकों को एक मंच पर लाते हुए वैश्विक ऊर्जा संक्रमण में भारत की नेतृत्वकारी क्षमता को प्रदर्शित करेगा। यह बुनियादी ढाँचे के आधुनिकीकरण, नवीकरणीय क्षमता के विस्तार और ग्रिड विश्वसनीयता को मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करेगा। यह समिट सहयोग, नीतिगत संवाद और निवेश जुटाने के लिए राष्ट्रीय और वैश्विक दोनों स्तर पर एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करेगा।

हमारा अनुमान है कि 2032 तक विद्युत उत्पादन में 345 बिलियन डॉलर और पारेषण एवं वितरण में 68 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश संभावित है, जबकि केवल ऊर्जा भंडारण में ही 35 बिलियन डॉलर से अधिक का अवसर मौजूद है। यह वास्तविक मांग पर आधारित ह।

# आज का राशिफल

मेष राशि
कार्यक्षेत्र में आज आपको काफी हद तक सफलता हासिल होगी। आज का दिन कुछ मिले–जुले प्रभाव वाला रहने वाला है।

वृष राशि–
आज का दिन फायदेमंद रहने वाला है। आज आपको पहले किये गये छोटे–मोटे कार्यों से पॉजीटिव रिजल्ट मिलेगा।

मिथुन राशि
आज का दिन ठीक–ठाक रहने वाला है। आज का दिन पारिवारिक रख रखाव तथा सुधार संबंधी कार्यों में बीतेगा।

कर्क राशि–
आज करियर के मामले में खुशखबरी मिलेगी। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं उन्हे पुराने किये गये कार्यों में वाहवाही मिलेगी।

सिंह राशि–
आज किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। आज दोस्तों के साथ फोन पर बात कर के समय बितायेंगे।

कन्या राशि–
आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्यों को पूरा करने में रहेगा। आज घर पर किसी चीज की मरम्मत करानी पड़ेगी।

तुला राशि–
आज का दिन मिला–जुला रहने वाला है। पिता अपके बिजनेस में आपका सहयोग करेंगे। आज मन मुताबिक काम बनने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

वृश्चिक राशि–
आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। शाम को जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा। आज आपकी कार्यप्रणाली में सुधार आएगा। काम की प्रगति के कुछ महत्वपूर्ण अवसर मिल सकते हैं।

धनु राशि–
आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे, आपकी तारीफ करेंगे। आज अनुभवी लोगों के सानिध्य में रहने का अवसर मिलेगा।

मकर राशि–
आज आप खुद को बदली हुई भूमिका में महसूस करेंगे। आज आपकी दैनिक आय पहले से बेहतर होगी।

कुंभ राशि–
आज का दिन शानदार रहने वाला है। कॉस्मेटिक का व्यापार कर रहे लोगों को आज बड़ा मुनाफा होगा।

मीन राशि–
आज का दिन खुशियां लेकर आया है। बिजनेस में बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। आज सामाजिक गतिविधियों में आपका विशेष योगदान रहेगा ।

# ई-बीएलओ ऐप के माध्यम से निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण में आजमगढ़ प्रदेश में प्रथम, अधिकारियों-कर्मचारियों को मिलेगा प्रोत्साहन धनराशि

आजमगढ़, (आरएनएस)

राज्य निर्वाचन आयोग, उ०प्र०, लखनऊ द्वारा पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन–2026 हेतु निर्वाचक नामावली का पुनरीक्षण माह जुलाई 2025 से अप्रैल 2026 के मध्य सम्पन्न कराया जाना निर्धारित है। इस महत्वपूर्ण कार्य को पूर्णतः स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में जिला मजिस्ट्रेटध्जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) रविन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन व निर्देशन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अत्यंत लगन, परिश्रम तथा निष्ठा के साथ निरंतर कार्य किया गया।जनपद आजमगढ़ में ई–बी०एल०ओ० ऐप के माध्यम से बूथ लेवल ऑफिसरों (बी०एल०ओ०) द्वारा कुल 9,30,215 मतदाताओं की डेटा एंट्री की गई है, जो कि प्रदेश में सर्वाधिक है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के कारण जनपद आजमगढ़ को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्य में संलग्न सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहन धनराशि प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है।जनपद में कुल 1810 ग्राम पंचायतें, 2018 मतदान केन्द्र तथा 6053 मतदान स्थल स्थापित हैं। निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्य के सफल संचालन के लिए कुल 2153 बी०एल०ओ० एवं 354 सुपरवाइजर को तैनात किया गया था, जिन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ किया।जिला मजिस्ट्रेटध्जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) रविन्द्र कुमार ने निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्य में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस कार्य को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराकर जनपद आजमगढ़ को प्रदेश में प्रथम स्थान दिलाने के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि सभी की मेहनत, समन्वय एवं प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि जनपद ने यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

# डीएम ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कर स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आहूत की गई। आयुष्मान कार्ड योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि पात्र परिवारो सहित विशेषकर 70 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नागरिको का आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। स्वास्थ्य अधिकारियो को हाई रिस्क प्रेगनेंसी (एचआरपी) वाले मामलो में कड़ी निगरानी रखने का निर्देश देते हुए कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने हेतु प्रयास किए जाए। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर मानक के अनुसार दवाओ की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं स्टाक रजिस्टर को अपडेट रखने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में आशा कार्यकत्रियो व एएनएम के कार्यो की भी बिन्दुवार समीक्षा की गई तथा निर्देशित किया गया कि खराब प्रदर्शन करने वाले कार्यकत्रियो, कार्मिको को चिन्हित करते हुए प्रगति बढ़ाई जाए अथवा उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाए। आईपीडी की समीक्षा में मेडिकल कालेज, चील्ह व विजयपुर में आईपीडी कम होने पर सम्बन्धित अधिकारी बढ़ाने का निर्देश दिया गया। एम्बुलेंस 102 व 108 की समीक्षा में मरीजो को सही गंतव्य तक न पहुंचाने वाले एम्बुलेंस कर्मियो पर कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि सभी सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो में मूवमेंट रजिस्टर बनाए जाए एवं एम्बुलेंस से आने जाने वाले मरीजों का लेखा जोखा रखा जाए तथा एम्बुलेंस किस मरीज को कितने समय लेने जा रही है उसकी भी सूचना दे। उन्होंने कहा कि गम्भीर हालत में आने वाले मरीजो जिनकी स्क्रीनिंग करानी है यदि उनसे संक्रमण फैलने की आशंका है तो उनके आस पास के मरीजो की स्क्रीनिंग कराते हुए उपचार करें। राष्ट्रीय अंधता व दृष्टिहीनता कार्यक्रम की समीक्षा में जिलाधिकारी ने सभी सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारी चिकितसाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे मरीज जिनकी दृष्टि में कोई समस्या है उन मरीजो को तत्काल आई सर्जन को रेफर करे ताकि ऐसे मरीज समय रहते अपनी समुचित जांच करा सकें। बैठक में पीपी परियोजनाओं, इएनसी रजिस्ट्रेशन, कुष्ठ रोग, क्षय रोग, मंत्र एप पर बर्थ डोज की समीक्षा, जननी सुरक्षा भुगतान, मातृ मृत्यु आडिट, टीकाकरण, एफआरयू की समीक्षा, आरसीएच स्टेटस, फैमिली प्लानिंग, एसएनसीयू, जिला महिला चिकित्सालय, एम्बुलेंस 108 व 102 की पहुंच टाइमिंग, विभिन्न चिकित्सालयों में ओपीडी में मरीजों की संख्या, आभा प्रगति रिपोर्ट, राष्ट्रीय कुष्ठ उनमूलन कार्यक्रम सहित अन्य सभी बिन्दुओउ की समीक्षा कर प्रगति लाने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सीएल वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# अंतर्राज्यीय साइबर ठगी गिरोह का लालगंज पुलिस ने किया भंडाफोड़

**’ आठ गिरफ्तार, नगदी, मोबाइल सहित वाहन बरामद**

लालगंज, मीरजापुर। साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत लालगंज थाना प्रभारी अभय कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अमर बहादुर के नेतृत्व में एसओजी, सर्विलांस टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई में अंतर्राज्यीय साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ किया गया। पुलिस ने आठ शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 11,605 पुराने मोबाइल फोन, आठ मोटरसाइकिल, एक टाटा डीसीएम ट्रक और 48,800 रुपये नकद बरामद किए हैं। बरामदगी की कुल कीमत करीब एक करोड़ रुपये आंकी गई है। इस कार्रवाई से उत्साहित पुलिस महानिदेशक ने टीम को एक लाख रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। पुलिस के अनुसार 16 मार्च को मुखबिर की सूचना पर लालगंज थाना क्षेत्र के तेन्दुई टोल प्लाजा के पास घेराबंदी कर टाटा डीसीएम (यूपी 62 सीटी 5893) को रोका गया। तलाशी के दौरान वाहन में छिपाकर रखे गए भारी संख्या में मोबाइल फोन बरामद हुए और मौके से आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे विभिन्न राज्यों में घूम–घूमकर बर्तनों के बदले पुराने मोबाइल व प्लास्टिक एकत्र करते थे तथा चोरी की घटनाएं भी करते थे। इसके बाद मोबाइल फोन की मरम्मत कर उनके पार्ट्स बिहार और कोलकाता स्थित साइबर गिरोहों को बेचते थे। इन मोबाइल फोन से प्राप्त डेटा जैसे मोबाइल नंबर, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाते और पते आदि का उपयोग साइबर ठगी में किया जाता था।जांच के दौरान एक आरोपी के बैंक खाते में बीते दो वर्षों में 45 लाख रुपये से अधिक के लेन–देन की जानकारी सामने आई है, जबकि वह स्वयं को मजदूर बताता था।गिरफ्तार अभियुक्तों में मोहम्मद अनारूल पुत्र अरसद अली निवासी ब्रम्हाचारी हथियादिरा थाना रौतरा जनपद कटिहार (बिहार), मोहम्मद दिल फराज पुत्र अलाउद्दीन निवासी कौवा मोड़ सिसिया थाना बरारी जनपद कटिहार, सीताबुल पुत्र अरसद अली निवासी हथिया दियहरा थाना रौतरा जनपद कटिहार, हसीबुर रहमान पुत्र अब्दुल रसीद रहमान निवासी बनेली थाना घाटा जनपद पूर्णिया, सबिर आलम पुत्र मुदुरमाहन निवासी बनेली थाना घाटा जनपद पूर्णिया, मोहम्मद अहमद पुत्र मोहम्मद हमीद निवासी हथिया डेरा थाना रौतरा जनपद कटिहार, और मोहम्मद सफीक पुत्र मंसूर आलम निवासी हथिया डेरी थाना मुसिल जनपद कटिहार शामिल हैं।

# नवरात्र के पहले दिन भक्तों ने किया मां शैलपुत्री का दर्शन।

आजमगढ़ (आरएनएस)निजामाबाद तहसील क्षेत्र के भैरोपुर कला ग्रामसभा में स्थित शक्तिपीठ मां शीतला दरबार में श्रद्धालुओं का रेला माता के दरबार में मत्था टेक कर दर्शन पूजन कर अपने और अपने परिवार की सुख शान्ति की कामना की। मां का दरबार सुबह से ही खचाखच भरा था।भक्तो को लाइन में लगकर माता का दर्शन करना पड़ा।बताते चले कि कस्बे से सटे ग्रामसभा भैरोपुरकला में मां शीतला का प्राचीन वा भव्य मंदिर क्षेत्रवासियों ही नहीं बल्कि दूर दराज के लोगों के भी आस्था का केंद्र है।नवरात्र के प्रथम दिन सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।प्रथम दिन देवी स्वरूपा शैलपुत्री की पूजा अर्चना हुई।भक्तो ने मंदिर में पहुंचकर पूजन अर्चन कर परिवार के सुख समृद्धि की कामना किया।वही घरों में भी विधि विधान के साथ कलश की स्थापना करने के साथ ही दुर्गा सप्तशती पाठ की शुरुआत हुई।मंदिर के परिसर में दुकानें सजी थी और मेले जैसा नजारा देखने को मिला।मंगला आरती के साथ ही दर्शन के लिए देवी के कपाट खुले।इसके साथ ही घर घर से घंटा शंख आदि की आवाज वा धूप अगरबत्ती कपूर की उठ रही सुगंध पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया था।नवरात्र का व्रत रखने वाले लोग देवी का जयकारा लगाते हुए मंदिरों पर पहुंचे और विधिवत पूजा अर्चना किए।दिनभर जगह जगह बज रहे देवी गीत भी वातावरण में भक्ति रस का संचार कर रहे थे।सुबह से देर रात तक मंदिरों में दर्शन पूजन का सिलसिला कायम रहा।प्रशासन के तरफ से उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह,उपनिरीक्षक कमला पटेल,उपनिरीक्षक मयंक उपाध्याय,का□ अजय जायसवाल,का□ राहुल सिंह,हेड का□ हौसला यादव,महिला का□ आकांक्षा तिवारी,गरिमा सिंह सहित दर्जन भर पुलिस कर्मी मंदिर की सुरक्षा में मुस्तैद रहे।

# 24 मार्च को राजकीय आई टी आई हर्रा की चुंगी आजमगढ़ में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन

आजमगढ (आरएनएस) सहायक निदेशक सेवायोजन राममूर्ति ने बताया है कि क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय आजमगढ़, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आजमगढ़, कौशल विकास मिशन आजमगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 24 मार्च 2026 को राजकीय आई०टी०आई० हर्रा की चुंगी आजमगढ़ में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे निजी क्षेत्र की कम्पनिया प्रतिभाग कर रही है। ऐसी स्थिति में सेवायोजन कार्यालय आजमगढ़ में पंजीकृत जॉब सीकर (बेरोजगार अभ्यर्थी) रोजगार हेतु पोर्टल तवरहंतेंदहंउ.नच.हवअ.पद (रोजगार मेलो में रिक्तियां देखने के लिए यहां क्लिक करे) पर क्लिक कर उपरोक्त कम्पनियों के विज्ञापित रिक्तियों के विवरण देखकर अपने पंजीयन यूजर आई०डी० का प्रयोग कर आन–लाईन आवेदन करते हुये अवसर का लाभ उठाये। इस हेतु कोई मार्ग व्यय देय नहीं है।

# श्री राम जन्मोत्सव शोभा यात्रा की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

मीरजापुर। श्री राम जन्मोत्सव शोभा यात्रा समिति के तत्वाधान में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी संगमोहल स्थित हनुमान जी मंदिर पर मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के मूर्ति की स्थापना भजन कीर्तन के साथ शंख घंटा घड़ियाल जय श्री राम के जयघोष के साथ किया गया। उपरोक्त पूजन आरती का कार्यक्रम अष्टमी तक अनवरत चलता रहेगा।इस अवसर पर श्री राम जन्मोत्सव शोभा यात्रा समिति के संयोजक शुभम गुप्ता ष्साईष् ने कहा की 27 मार्च रामनवमी के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा को भव्य रूप प्रदान करने के लिए 24 मार्च दोपहर 2 बजे रेलवे स्टेशन से मोटरसाइकिल जनजागरण यात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ संगमोहल स्थित हनुमान मंदिर पर समापन होगा। 25 मार्च को मातृशक्ति बहनों का स्कूटी जन जागरण यात्रा रेलवे स्टेशन से 2 बजे निकल जाएगी। इस अवसर पर शोभा यात्रा समिति के अध्यक्ष राज महेश्वरी ने सभी रामभक्तो से अनुरोध किया की पूरे नगर को भगवामय करते हुए हर गली मोहल्ले को दुल्हन की तरह सजाया जाए। इस अवसर पर शोभा यात्रा समिति के प्रभारी राहुल चंद जैन वायु ने कहा की प्रभु श्री राम की भव्य शोभा नगर के विभिन्न स्थानों पर जाएगी जहा पर नगर के सभी रामभक्त जो सेवा करते है उनका अभिवादन कीया और इस बार भी भव्य शोभायात्रा निकले।

# विंध्य धाम में उमड़ा आस्था का जनहुजूम, लाखों की संख्या में दर्शनार्थी उमड़े

मीरजापुर। विख्यात देवी धाम विंध्याचल में नवरात्रि के प्रथम दिन भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। इस दौरान देश के कोने कोने से लाखों की संख्या में भक्तों ने पौं फटने के बाद गंगा नदी में स्नान करने के बाद मंगला आरती में भाग लेकर मां का आशिर्वाद प्राप्त किया है। तकरीबन तीन लाख भक्तों ने दर्शन–पूजन करने के साथ मां के धाम में मन्नतें मांगी। विंध्याचल देवी धाम सहित अष्टभुजा, काली खोह इत्यादि मंदिर सहित अष्टभुजा पहाड़ भक्तों से गुलजार हो उठा है। देश के कोने कोने से उमड़ी भीड़ को नियंत्रित करने तथा सुरक्षा की दृष्टि से संपूर्ण मेला क्षेत्र में पुलिस बल की तैनाती करने के साथ खुद पुलिस व प्रशासनिक अफसरों की टोली मेला क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील नजर आई है। इसी क्रम में दुर्गा सप्तशती पाठ के आयोजन में जिला अधिकारी पवन कुमार गंगवार के साथ अन्य अधिकारियों ने आरती की है। घ्नवरात्र के पहले दिन भक्ति मय अधिकारी दिखाई दिए हैं तो वहीं भक्तों के सहयोग में जगह–जगह पुलिस की टोली मदद में लगी रहीं हैं। बता दें कि विंध्याचल में विंध्य कारिडोर बनने के बाद दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ने लगी है।

# दीर्घायु जीवन के लिए नियमित करें प्राणायाम योगी ज्वाला

मीरजापुर। युवा भारत एवं एमबी योग संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आदर्श जनता महाविद्यालय कोलना चुनार मीरजापुर में बीएड अभ्यर्थियों के पांच दिवसीय योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन राष्ट्रीय योगासन जज योग गुरु योगी ज्वाला सिंह ने बीएड अभ्यर्थियों को दीर्घायु जीवन के लिए आठ प्रकार के विशेष प्राणायाम , जिसमें भस्त्रिका प्राणायाम कपालभांति प्राणायाम, वाह्य प्राणायाम उज्जाई प्राणायाम अनुलोम विलोम (नाड़ी शोधन) प्राणायाम भ्रामरी प्राणायाम उद्धगीत प्राणायाम प्रणव प्राणायाम जैसे विभिन् प्राणायामों का अभ्यास कराते हुए कहा कि प्राणायाम का मतलब ही, प्राण आयाम प्राणायाम जहां पर प्राण का अर्थ है स्वाच्छोंस्वास की गिनती अर्थात जिन श्वासों को हम लोग लगतार लेते और छोड़ते रहते हैं एवं आयाम का तात्पर्य इनके विस्तृत और विस्तार से है। कहा साधक नियमित रूप से प्राणायाम का अभ्यास कर अपने जीवन को पूर्ण रूप से स्वस्थ निरोग व् दिर्घायु बना सकता है। योग गुरु ने कहा कि साधक किसी एक प्राणायाम के लाभ की व्यापकता को ही जान जाएं तो जैसेअनुलोम विलोम (नाड़ी शोधन प्राणायाम) फेफड़ों को मजबूत करने, तनाव कम करने, रक्तचाप नियंत्रित करने और मानसिक शांति प्रदान करने वाला एक अत्यंत लाभकारी प्राणायाम है। यह शरीर में ऑक्सीजन का प्रवाह बढ़ाता है, सर्दी–जुकाम, अस्थमा व गठिया में राहत देता है। अनुलोम विलोम प्राणायाम से श्वसन प्रणाली में सुधार होता है यह फेफड़ों की क्षमता को बढ़ाता है और अस्थमा, ब्रोंकाइटिस जैसी समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। मानसिक शांति और एकाग्रता तनाव, चिंता और डिप्रेशन को कम करता है। यह विषैले पदार्थ को शरीर से बाहर निकालकर शरीर को डिटॉक्सिफाई करता है और ऑक्सीजन की आपूर्ति को बढ़ाता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। अनुलोम विलोम (नाड़ी शोधन प्राणायाम करने का सही तरीका सुबह या शाम खाली पेट, शांत स्थान पर बैठकर बाएं नथुने (छवे. जतपस) से सांस भरें और दाएं से छोड़ें, फिर दाएं से भरें और बाएं से छोड़ें। यह प्रक्रिया सामान्य व्यक्ति को 5–10 मिनट तक करना चाहिए। और किसी बड़े रोग में इसे 15 मिनट से लेकर आधे घंटे तक करना चाहिए।

# जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों की किया समीक्षा

आजमगढ़ (आरएनएस)जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर प्राप्त विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने ई–ऑफिस प्रणाली के प्रभावी संचालन पर विशेष जोर देते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जिन अधिकारियोंध कर्मचारियों ने अभी तक अपना ई–ऑफिस लॉगिन सक्रिय नहीं किया है, वे अविलम्ब अनिवार्य रूप से अपना–अपना लॉगिन कर लें। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि निर्धारित अवधि में लॉगिन न करने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिन अधिकारियोंध्कर्मचारियों के ई–ऑफिस लॉगिन में फाइलों का मूवमेंट शून्य है, वे प्रत्येक दिन कम से कम एक फाइल को अवश्य मूव करें। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिया कि वित्तीय के अलावा समस्त फाइल अनिवार्य रूप से ई–आफिस के माध्यम से ही प्रेषित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी निर्धारित समय से कार्यालय में उपस्थित होकर जन सुनवाई करें, इसकी जांच करायी जायेगी, कार्यालय से अनुपस्थित पाये जाने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी की जायेगी। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि सबसे अधिक शिकायतध्असंतुष्ट फीडबैक वाले ग्रामों में संबंधित अधिकारी मौके पर जायें एवं शिकायतकर्ता से बात कर संतुष्ट करते हुए प्रकरण का निस्तारण करें। उन्होने अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0 को निर्देश दिया कि अधिक शिकायत वाले ग्रामों में भूमि पर अवैध कब्जे से संबंधित प्रकरण में उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया जाए कि स्वंय अथवा तहसीलदार को मौके पर भेजकर अवैध कब्जा हटवाते हुए प्रकरण का निस्तारण करें एवं कब्जा करने वाले के ऊपर कार्यवाही भी करें। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों को निर्धारित अवधि में गुणवत्तायुक्त निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर कोई भी प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में नहीं जाना चाहिए। उन्होने कहा कि शिकायतकर्ता को संतुष्ट कर प्रकरण का निस्तारण करें, जिससे कि वह दोबारा असंतुष्ट फीडबैक न दे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जमीन से संबंधित एवं अन्य बार–बार आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेकर उसका गुणवत्तायुक्त निस्तारण करना सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने कहा कि आरईजीआरएस पर प्राप्त होने वाली शिकायतों में से किसी प्रकार के संदर्भ में स्पेशल क्लोज करना है, इसके सम्बन्ध में संबंधित पटल सहायकों को अवगत करा दिया जाए।बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0 गम्भीर सिंह, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 एनआर वर्मा, डीसी मनरेगा राम उदरेज यादव सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# गडबडा शीतला धाम में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं नवाया शीश

हलिया, मीरजापुर। हलिया विकास खंड क्षेत्र के गडबडा शीतला धाम में गुरुवार को मां शैलपुत्री के दर्शन पूजन कर भक्त निहाल हुए। भोर से ही कपाट खुलने के बाद नवरात्रि के प्रथम दिन श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा रहा। सेवटी नदी में स्नान के बाद भक्तों की घाट से ही लगभग 1 किलोमीटर की लाइन लग गई। हाथ में नारियल, चुनरी फूल माला लिए माता की जयकारा लगाते हुए पुरुष महिला अलग अलग कतार में लग गए। श्रद्धालु गर्भ गृह में पहुंच कर दर्शन पूजन कर मंन्नते पूर्ण किया। कुछ भक्त अनुष्ठान के लिए माता के नापदान के जल को बोतल में भरकर ले गए। सुरक्षा व्यवस्था के तौर पर थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव, ड्रमंडगंज, लालगंज, संत नगर की पुलिस के अतिरिक्त एक प्लाटून पीएसीबल व मेला प्रभारी श्याम लाल दर्शनार्थियों के सहयोग में लगे रहे। वहीं बड़े वाहनों को हनुमान मंदिर के पास तथा सेमरा बैरियर के पास खड़ा कराया गया। भक्तों को डेढ़ किमी पैदल चलकर माता के धाम पहुंचना पड़ा। मंदिर परिसर में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था न होने से फिसलन बना रहा। मंदिर प्रबंधक प्रकाश चंद्र शुक्ल, ज्ञान चंद शुक्ल व सुभाष चंद्र शुक्ल ने बताया कि भोर से ही लगभग डेढ़ लाख भक्तों ने माता के चरणों में शीश झुकाया है।

# मां के दरबार में उमड़ी आस्था, भक्तिमें डूबा जन-जन

कुशीनगर, (आरएनएस)। शक्ति की आराधना का पावन पर्व चौत नवरात्रि शुरू होते ही पूरे जनपद में भक्ति की अलौकिक छटा बिखर गई। गुरुवार को नवरात्रि के पहले दिन दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं का ऐसा जनसैलाब उमड़ा कि हर ओर सिर्फ आस्था, श्रद्धा और भक्ति की ही झलक दिखाई दी। सुबह की पहली किरण के साथ ही मंदिरों के कपाट खुलते ही भक्तों की लंबी कतारें लग गईं।"जय माता दी" के गगनभेदी जयकारों, घंटियों की अनुगूंज और शंखध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

बेशक! मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा–अर्चना के लिए श्रद्धालु पूरे विधि–विधान के साथ जनपद के खन्वार, मैनपुर कोट, कुलकुला माई स्थान और खिरकिया मंदिर सहित अन्य दुर्गा मंदिर मंदिर पहुंचे जहा तड़के भोर से ही भक्तों की लंबी कतारें लग गईऔर घंटों इंतजार कर मां के दर्शन करते नजर आए। महिलाओं ने सिर पर चुनरी ओढ़े, हाथों में पूजा की थाली सजाए माता के दरबार में हाजिरी लगाई, तो वहीं युवाओंऔर बच्चों मेंभी खासा उत्साह देखने को मिला।श्रद्धालुओं ने अपने घरो में कलश स्थापना कर नौ दिनों तक व्रत और साधना का संकल्प लिया। इनसेट–– भव्य सजावट से जगमगाए मंदिर–– जिलेभर के दुर्गा मंदिरों को आकर्षक फूल–मालाओं, रंगीन झालरोंऔर जगमगाती रोशनी से सजाया गया था, जिससे पूरा परिसर दिव्यता से सराबोर नजर आया। पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापना और दुर्गा सप्तशती के पाठ शुरू हुए, जिससे माहौल और भी आध्यात्मिक हो गया।नवरात्रि के पहले दिन कई श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर मां से सुख–समृद्धि, शांति और परिवार की खुशहाली की कामना की। बाजारों में भी नवरात्रि की रौनक चरम पर रहीकृपूजा सामग्री, फल, नारियल और माता की चुनरी की दुकानोंपर दिनभर भीड़ उमड़ी रही।

# गैस की कालाबाजारी करने वालों पर कार्रवाई की मांग

मीरजापुर। गैस सिलेंडर संकट गहराने के साथ ही गैस की कालाबाजारी भी जोरों पर जारी है। जिलाधिकारी के सख्ती को नजरंदाज कर कालाबाजारी करने वाले सक्रिय होकर शोषण पर आमादा है। इस ज्वलंत मुद्दे पर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए हियुवा नेता अमित श्रीनेत ने कहा है कि ईरान इजरायल और अन्य देशों में युद्ध के कारण गैस सिलेंडर की किल्लत बता कर सिलेंडर विक्रेताओं ने कालाबाजारी करना चालू कर दिया है, जिससे कहीं ना कहीं केंद्र और प्रदेश सरकार की छवि भी धूमिल हो रही है। ऐसे में उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करते छोटे व्यापारीयों जो चाय व चाट बेच कर अपने परिवार का जीवकोपार्जन करते थे आज दुकान बंद कर अपने जीवकोपार्जन हेतु परेशान घूम रहे हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से अपीर की है कि सघन जांच कर गैस सिलेंडर का कालाबाजारी करने वालों पर कठोर कार्रवाई कर सहज रूप से छोटे व्यापारियों को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने कराया जाए, जिससे वह अपने परिवार का भरण पोषण कर सकें।

# दो बाईकों की आमने सामने टक्कर में एक की मौत दो गम्भीर रूप से घायल

आजमगढ़ (आरएनएस)दीदारगंज थाना क्षेत्र के पुष्प नगर स्थित श्री शंकर जी इंटर कालेज के सामने सरायमीर दीदारगंज मार्ग पर गुरुवार दिन के लगभग तीन बजे दो मोटरसाइकिलों की आमने सामने भीषण टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और दोनों मोटरसाइकिलों के परखच्चे उड़ गए। सूचना पाते ही दीदारगंज प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश यादव पूरे दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए और बिना देरी किए एम्बुलेंस मंगवा कर तीनों घायलों को ग्रामीणों की मदद से मार्टीनगंज स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिए, जहां चिकित्सकों ने एक युवक मनोज कश्यप पुत्र राधेश्याम कश्यप निवासी पुष्पनगर थाना दीदारगंज को मृत घोषित कर दिया, तथा दो घायलों संतोष मिश्र पुत्र मर्याद मिश्र निवासी पुष्पनगर व रवि गौतम पुत्र योगी ग्राम हडवां थाना दीदारगंज को गम्भीरावस्था में देखते हुए जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। दोनों मोटरसाइकिलों व शव को कब्जे में लेकर को पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।।

# ओपेन स्टेट आमंत्रण सीनियर वर्ग पुरुष फुटबाल प्रतियोगिता- सेमीफाइनल मुकाबलों का परिणाम घोषित

कुशीनगर, (आरएनएस)। जिला खेल कार्यालय कुशीनगर के तत्वावधान में आयोजित ओपेन स्टेट आमंत्रण सीनियर वर्ग पुरुष फुटबाल प्रतियोगिता के अंतर्गत गुरुवार को खेले गए सेमी फाइनल मुकाबलों के परिणाम घोषित कर दिए गए है। प्रतियोगिता का शुभारम्भ प्रातः 08 बजे जिला उद्यान अधिकारी कृष्ण कुमार एवं क्रीड़ाधिकारी कुशीनगर रवि कुमार निषाद द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम सेमीफाइनल मैच में आजमगढ़ एवं कुशीनगर के मध्य रोमांचक मुकाबला खेला गया। जिसमें कुशीनगर की टीम ने 1–0 से विजय प्राप्त की। कुशीनगर के खिलाड़ी गोलू आकाश जर्सी नं 11 ने मैच के 44वें मिनट में निर्णायक गोल किया। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला देवरिया एवं मिर्जापुर के बीच खेला गया। जिसमें मिर्जापुर की टीम ने 1–0 से जीत दर्ज की। मिर्जापुर के खिलाड़ी समीर जर्सी नं 8 ने 22वें मिनट में टीम के लिए विजयी गोल किया।

# नवोदय विद्यालय में चयनित छात्रों को किया गया सम्मानित, अभिभावकों में हर्ष

मीरजापुर। हलिया विकास खंड के यूओ कान्वेंट गुरुकुलम कोटा शिव प्रताप सिंह स्कूल में गुरूवार को छात्रा अनुश्रृति का जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में चयनित होने पर विद्यालय प्रबंधन ने सम्मान समारोह का आयोजन कर छात्रा व अभिभावक रमाकांत सिंह को शिक्षकों के साथ मिष्ठान खिलाकर संमानित किया। पिछले वर्ष भी इस विद्यालय से बुद्धिमान, दीपक, लवगुप्ता, मनीष गुप्ता, अनुप्रिया सिंह पटेल ,निधि पाल, दीपेश, सतीश गुप्ता, शिवम कुमार , अनन्या सिंह, विनय गुप्ता, नेहा आदि का चयन हुआ था। अनुश्रुति सिंह 93.75। रैंक लाकर 14वाँ स्थान प्राप्त किया। अनुश्रृति ने अपने माता – पिता की प्रेरणा व शिक्षकों के मार्गदर्शन से एक बेहतर परिणाम मिलने को कहा।

# दर्शन परिषद के 40वें राष्ट्रीय अधिवेशन एवं अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन

चित्रकूट। दर्शन परिषद के 40वें राष्ट्रीय अधिवेशन का उद्घाटन जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के अष्टावक्र सभागार में संपन्न हुआ। इस अवसर पर दर्शनशास्त्र विभाग तथा अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान तथा भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद के सहयोग से अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी का भी शुभारंभ हुआ। संगोष्ठी का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय तथा मुख्य अतिथि प्रो श्याम किशोर सेठ के द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय ने कहा कि समस्त वैश्विक समस्याओं के मूल में अशांति का कारण धर्म के मूल रूप को न समझना है। जिसे विभिन्न भारतीय दार्शनिक संप्रदायों के द्वारा आसानी से समझा जा सकता है और उसके द्वारा आत्मिक शांति का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने भारतीय धर्म ग्रंथों की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय ग्रन्थों में वैयक्तिक शांति के साथ अंतरराष्ट्रीय शांति की समस्या का भी उत.ष्ट समाधान है। आवश्यकता इस बात की है कि इस साहित्य को जन–जन तक पहुंचाया जाए। मुख्य अतिथि प्रो एसके सेठ ने कहा कि व्यक्ति अपने .ष्टिकोण को न समझने के कारण भौतिक सुख को वास्तविक सुख मान लेता है और उसे केवल बाहरी सुख की अनुभूति होती है। आंतरिक सुख की अनुभूति के लिए व्यक्ति को स्वयं के अनुभव तथा विचारों को समझना आवश्यक है। कार्यक्रम में बीज वक्तव्य को प्रस्तुत करते हुए पूर्व कुलपति प्रो रजनीश शुक्ल ने कहा कि मनुष्य जीवन का अंतिम उद्देश्य आत्मा की प्रगति है तथा कामना ही दुख का कारण है। यूरोपीय संघर्ष, सभ्यता और उससे जुड़े हुए पहलुओं से निकले हैं। भारतीय दर्शन ही धर्म की सही व्याख्या करता है जिसके अनुसार धर्म ही शांति का परिचायक है जिसे यथावत भी कहा गया है। उन्होंने तितिक्षा को परिभाषित करते हुए पोषण की अवधारणा के द्वारा धर्म के स्वरूप को स्पष्ट किया तथा बताया कि धर्म ही उत.ष्ट आचरण को प्रस्तुत करता है तथा इसके द्वारा मानव का कल्याण सुनिश्चित होता है। इस अवसर पर प्रो लोकमान्य मिश्र ने कहा कि वैश्विक शांति को स्थापित करने में दर्शन की महती भूमिका है वर्तमान वैश्विक समस्याओं को उच्चतम आत्मिक मूल्य के द्वारा ही दूर किया जा सकता है। इस अवसर पर भारतीय दर्शन अनुसंधान परिषद के द्वारा प्रकाशित शोध पत्रिका का संदर्शन का विमोचन भी किया गया तथा दर्शन विभाग के अध्यक्ष डॉ हरिकांत मिश्र के द्वारा लिखित पुस्तक का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलसचिव मधुरेंद्र कुमार पर्वत, प्रो सभाजीत मिश्र, प्रो सुभाष चंद्र, प्रो नितीश दुबे, प्रो सूरज गुप्ता, प्रो स्वाती सक्सैना, प्रो आशा सेठ, प्रो एचएस उपाध्याय, प्रो एच एन सिंह, प्रो संजय शुक्ल, प्रो सुचिता शुक्ला, डॉ अमित अग्निहोत्री, डॉ महेंद्र कुमार उपाध्याय, डॉ विनोद कुमार मिश्र, डॉ निहार रंजन मिश्र, डॉ नीतू तिवारी, डॉ रजनीश कुमार सिंह, डॉ दलीप कुमार, डॉ रविकांत मिश्र, डॉ गोपाल कुमार मिश्र सहित विश्वविद्यालय परिवार के समस्त सदस्य उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र के बाद व्याख्यान माला का सत्र शुरू हुआ।

इसमें पांच विद्वानों ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में पांच देशों के दस विद्वानों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# प्राधिकरण सचिव ने जिला जेल का किया निरीक्षण

## -बंदियों को विधिक साक्षरता शिविर में दी गई कानूनों की जानकारी

चित्रकूट। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष जिला जज शेषमणि शुक्ला के मार्गदर्शन में सचिव इला चौधरी ने गुरुवार को जिला कारागार का निरीक्षण कर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया। उन्होंने जेल लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया। अनुरक्षित समस्त रजिस्टरों को देखा। जिसमें प्रविष्टियां अंकित पायी गयी। जेल पैरालीगल वालेण्टियर्स को निर्देशित किया गया कि समस्त रजिस्टरों को निरन्तर अंकित करना सुनिश्चित करें। महिला बैरक में 16 महिलायें निरूद्ध रहीं। जिनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान निःशुल्क अधिवक्ता, जेल अपील के बारे में वार्ता की गयी। यह भी बताया गया कि किसी भी बन्दी को किसी भी प्रकार की समस्या हो तो जिला कारागार में संचालित लीगल एड क्लीनिक में कार्यरत अधिकार मित्र को अवगत कराकर अपनी समस्या के समाधान के लिए जेल अधीक्षक के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत करा सकते हैं। इसी क्रम में जिला कारागार में निरूद्ध बन्दियों के मध्य विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रदेश स्तर पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन है। जो जरूरतमन्द लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करता है। जेल में निरूद्ध ऐसे बन्दी जिनकी जमानतें हो गयी है, रिहाई शेष है, उन बन्दियों से वार्ता की गयी। बन्दियों के रिहाई के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही किये जाने पर बल दिया गया एवं 70 वर्ष या 70 वर्ष से अधिक के बन्दियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गयी तथा ऐसे बन्दियों के हितार्थ शासन एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। बन्दियों से उनके मुकदमें की पैरवी करने हेतु वकीलों की उपलब्धता के सम्बन्ध में भी जानकारी ली गयी तथा यह अवगत कराया गया कि यदि किसी के मुकदमें की पैरवी करने के लिए उनके पास वकील नहीं तो ऐसी स्थिति में जेल में अवस्थापित लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से सम्पर्क कर अधिवक्ता प्राप्त कर सकते हैं।

# जल महोत्सव एवं जल अर्पण दिवस पर हुए कार्यक्रम

## -जल संरक्षण की दिलाई गई शपथ

चित्रकूट। जल जीवन मिशन के अंतर्गत विकासखंड रामनगर स्थित ग्राम पंचायत खजुरिया खुर्द के ग्राम नोनमई में सिलौटा मुस्तकिल पेयजल योजना के तहत जल महोत्सव एवं जल अर्पण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम में जन जागरूकता की विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें जल पदयात्रा एवं जागरूकता रैली निकाली गई। जल स्रोतों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा जल गुणवत्ता परीक्षण का प्रदर्शन कर ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल के महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों के संरक्षण एवं जल प्रबंधन के विषय में जागरूकता बैठक आयोजित कर ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी गई तथा महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए जल प्रबंधन में उनकी भूमिका पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त जल श्रृंगार कार्यक्रम के अंतर्गत जल स्रोतों की साफ सफाई एवं पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। मेरी पंचायत ऐप के माध्यम से ग्राम की जल योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित की गई। ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए सामूहिक जल प्रतिज्ञा दिलाई गई। कार्यक्रम में जल बंधन एवं जल अर्पण जैसे प्रतीकात्मक आयोजनों के माध्यम से जल संरक्षण के प्रति जनसामान्य की सहभागिता सुनिश्चित की गई। हर घर जल" के लक्ष्य के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। इस अवसर पर जल सखी, नल जल मित्र एवं सक्रिय ग्रामवासियों को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी व अपर जिलाधिकारी एवं ब्लॉक प्रमुख मौजूद रहे। विधायक ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए जल का समुचित उपयोग करने, वर्षा जल संचयन को अपनाने एवं जल स्रोतों की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया।

# रामनवमी पर्व पर धार्मिक स्थलों पर जलाए जाएगें 11-11 लाख दीपक

चित्रकूट। हिन्दू पंचांग के अनुसार चैत्र मास 2026 रामनवमी का पर्व 27 मार्च को है। श्री राम नवमी पर्व को विगत पांच वर्षों से चित्रकूट गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। धार्मिक स्थल पवित्र नदी मंदाकिनी गंगा रामघाट एवं श्री कामदगिरि परिक्रमा मार्ग आदि धार्मिक स्थलों पर दीप प्रज्ज्वलन आदि कार्यक्रम सायंकाल आयोजित किये जाते हैं। इस संबंध में चित्रकूट एवं सतना जिले के संबंधित अधिकारियों, सन्त महात्माओं एवं नगर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी संगठनों की बैठक आहूत की गयी। जिसमें दोनों जनपदों के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी तथा व्यवस्थाओं से संबंधित अन्य अधिकारीगणों के अलावा अभय महाजन संगठन सचिव दीनदयाल शोध संस्थान, महेन्द्र कोटार्य जिलाध्यक्ष भाजपा, नरेन्द्र गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम आदि मौजूद रहे। समन्वय बैठक में एडीएम न्यायिक अरूण कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। ईओ व सतना के सीएमओ ने अवगत कराया कि रामघाट एवं अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों पर 11–11 लाख दीप प्रज्ज्वलित किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें नगर क्षेत्र के सभी मकानों में भी कम से कम पांच दीपक जलाने के अतिरिक्त मार्गों की लाइटिंग, सजावट व भव्य प्रवेश द्वार, ग्रीन आतिशबाजी, रंगोली, दीवारी नृत्य, सांस्.तिक कार्यक्रम आदि कार्यक्रम योजनाबद्ध रूप से सभी की गरिमामयी उपस्थिति में आमजन की सहभागिता व सहयोग से सम्पन्न कराये जाने के लिए सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गयी।

# बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार की मौत, चार घायल

चित्रकूट। तेज रतार बोलेरो ने दो बाइक सवारों को ठोकर मार दी। जिससे एक युवक की मौत हो गई। जबकि चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेजा है।ये दुर्घटना पहाड़ी थाना क्षेत्र के सिद्धगोपाल के पुरवा कहेटा माफी गांव में गुरुवार की शाम हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कहेटा गांव निवासी शीलू (35) पुत्र लाल सिंह, तिंदवारी के बुखरी के रामस्वरूप पुत्र कल्लू यादव, पहाड़ी के पटियाजब्ती गांव के प्रमोद (25) पुत्र गया प्रसाद व गोविन्द पुत्र चुकरिया बाइक से जा रहे थे। तभी बोलेरो ने टक्कर मार दिया। जिससे शीलू की मौके पर मौत हो गई। बोलेरो खेत में जा घुसी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस ने बोलेरो को थाने में खड़ा कराया है।

# 15 हजार उत्तर पुस्तिकाओं का हुआ मूल्यांकन

चित्रकूट। चित्रकूट इंटर कालेज में मूल्यांकन कार्य में दो दिनो में 15 हजार हाईस्कूल व इंटर की उत्तर पुस्तिकाओ का मूल्यांकन किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षण रविशंकर ने बताया कि उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद से संचालित हाईस्कूल व इंटर बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू हो गया है। हाईस्कूल की 7099 व इंटर की 7625 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो चुका है। उप नियंत्रक डा रणवीर सिंह चौहान ने बताया कि मूल्यांकन में 235 हाईस्कूल व 217 परीक्षक लगाए गए हैं।

# नवसंवत पर महिला पतंजलि योग समिति ने किया कार्यक्रम

चित्रकूट। भारतीय नव संवत 2083 महिला पतंजलि योग समिति की बहनों ने धूमधाम से मनाया। जनपद की .ष्टि संस्थान की बालिकाओं को भोजन कराकर दान दक्षिणा दिया गया। बच्चियों के साथ भजन कीर्तन भी किया गया। जिला प्रभारी मंजू केशरवानी ने बताया कि योग के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित एवं पुरस्.त भी किया गया। इस मौके पर मीरा श्रीवास्तव, पदमा सिंह, लालमनी गुप्ता, सरोज जैन, अमिता अग्रवाल, वीणा बंधवकर, माधुरी सिंह, साधना, मनीषा केसरवानी, अंजू अग्रवाल, संध्या, सरिता, विमला आर्य, निर्मला आर्य, गुंजन, गोयल, रीता अग्रवाल, अंजू, मंजूषा आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

# करंट से झुलसे युवक की इलाज के दौरान मौत

चित्रकूट। खेत में पानी लगा रहे दो चचेरे भाई करंट की चपेट में आ गए थे। जिससे एक की मौत हो गई थी। दूसरे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है।ये दर्दनाक हादसा सरधुआ थाना क्षेत्र के अमवा गांव में बीती 14 मार्च को हुई। बताया गया कि सुनील (27) पुत्र मोतीलाल गेंहू के खेत में चचेरे भाई बुद्धराज (15) के साथ पानी लगा रहे थे। खेत पर लगे ट्रांसफार्मर के सपोर्ट तार में करंट होने के चलते बुद्धराज चपेट में आ गया। जिसे बचाने के दौरान सुनील भी चपेट में आ गया। ग्रामीणों की मदद से दोनो को मुक्त कराया गया। तब तक बुद्धराज की मौत हो गई। वहीं सुनील कुमार को इलाज के लिए प्रयागराज रेफर कर दिया गया था। जिसे परिजन कौशाम्बी ले गए थे। जहां बीती देर शाम इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक सुनील के एक पुत्र, एक पुत्री है। खेती मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है।

# 22 मई से शुरू होगा मकान सूचीकरण, आजमगढ़ में जनगणना को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम

आजमगढ़ जिलाधिकारीध्प्रमुख जनगणना अधिकारी के निर्देशन में तथा अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्वध जिला जनगणना अधिकारी गंभीर सिंह के मार्गदर्शन में फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रातः 9रू30 बजे से सायंकाल 6 बजे तक सर्वोदय पब्लिक स्कूल जाफरपुर में चल रहा है। जिला जिला जनगणना अधिकारी ने बताया कि प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना 22 मई से 20 जून तक की जाएगी।जनपद में जनगणना को सुगम और त्रुटिहीन बनाने के लिए जनगणना निदेशालय से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर इंजीनियर कुलभूषण सिंह, अरविंद यादव एवं समीउल्लाह अंसारी तथा जनगणना निदेशालय से जिला प्रभारी आकाश राय द्वारा संयुक्त रूप से दो बैचों में 154 फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण चल रहा है यह फील्ड ट्रेनर्स 12000 प्रगणको एवं सुपरवाइजर को चार्ज स्तर पर प्रशिक्षित करेंगे। द्वितीय बैच के प्रशिक्षण के प्रथम दिन आज फील्ड ट्रेनर्स को पीपीटी के माध्यम से विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया बताया गया कि पहली बार जनगणना डिजिटल ऐप से की जाएगी। प्रगणको एवं सुपरवाइजर को अनिवार्य रूप से प्रत्येक आवंटित क्षेत्र हाउस लिस्टिंग ब्लॉक में भौतिक रूप से जाकर नजरी नक्शा बनाना होगा। एच एल ओ ऐप के माध्यम से डिजिटल जनगणना करने के बारे में बताया गया तथा जनगणना के परिपेक्ष में भवन, परिसर,मकान एवं परिवार की गणना के संबंध में गूढ़ जानकारी दी गई। प्रगणक को मकान की गणना करनी है तथा मकान में उपलब्ध सुविधाओं एवं परिवार से संबंधित 33 प्रश्नों के उत्तर भी भरने हैं। डिजिटल ऐप के माध्यम से रियल टाइम डाटा सर्वर पर उपलब्ध हो जाएगा। पहली बार नागरिक अपनी स्वगणना भी पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं । स्वगणना 7 मई से 21 मई तक पोर्टल के माध्यम से की जाएगी ।जिलाधिकारीध्प्रमुख जनगणना अधिकारी के निर्देशन तथा अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)धजिला जनगणना अधिकारी के मार्गदर्शन में सर्वोदय पब्लिक स्कूल में फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिला जनगणना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य दिनांक 22 मई से 20 जून तक संपादित किया जाएगा। जनपद में जनगणना कार्य को सुगम एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से जनगणना कार्य निदेशालय से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स इंजीनियर कुलभूषण सिंह, श्री अरविंद यादव एवं श्री समीउल्लाह अंसारी तथा जनगणना कार्य निदेशालय से नामित जिला प्रभारी श्री आकाश राय द्वारा संयुक्त रूप से चार बैचों में कुल 154 फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। उक्त फील्ड ट्रेनर्स द्वारा आगे चलकर लगभग 12,000 प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को चार्ज स्तर पर प्रशिक्षित किया जाएगा ।द्वितीय बैच के प्रशिक्षण के प्रथम दिवस फील्ड ट्रेनर्स को पावर प्वाइंट प्रस्तुति (च्च्ज) के माध्यम से विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान अवगत कराया गया कि इस बार जनगणना कार्य डिजिटल माध्यम (मोबाइल ऐप) के जरिए संपादित किया जाएगा। प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रत्येक आवंटित क्षेत्रध्हाउस लिस्टिंग ब्लॉक में भौतिक रूप से भ्रमण कर नजरी नक्शा तैयार करना अनिवार्य होगा।प्रशिक्षण में एचएलओ (भ्स्व्) ऐप के माध्यम से डिजिटल डेटा संकलन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई तथा जनगणना के संदर्भ में भवन, परिसर, मकान एवं परिवार से संबंधित विस्तृत एवं तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि प्रगणकों द्वारा प्रत्येक मकान का विवरण संकलित करते हुए उपलब्ध सुविधाओं से संबंधित 33 प्रश्नों का उत्तर अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाएगा।डिजिटल प्रणाली के माध्यम से संकलित समस्त डेटा रियल–टाइम में सर्वर पर उपलब्ध रहेगा।

# नई बाजार मोड़ से पकड़ा गया फायरिंग कांड का आरोपी, पुलिस की सक्रियता रंग लाई

आजमगढ़ (आरएनएस)जनपद के सरायमीर थाना क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता एक बार फिर देखने को मिली, जहाँ जमीनी रंजिश में हुई फायरिंग और मारपीट के मामले में फरार चल रहे एक और वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। इस प्रकरण में पहले ही दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो चुकी है, और अब तीसरे की गिरफ्तारी से पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है।

दिनांक 11 मार्च 2026 को ग्राम छित्तेपुर, थाना सरायमीर क्षेत्र में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर फायरिंग और मारपीट हुई थी। इस संबंध में उपनिरीक्षक धीरज कुमार की तहरीर पर थाना सरायमीर में मु0अ0सं0 63ध्2026 के तहत विभिन्न धाराओं में दोनों पक्षों के कई नामजद और अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई करते हुए पहले ही दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका था।

दिनांक 18 मार्च 2026 की रात लगभग 11रू45 बजे, उपनिरीक्षक उदय बहादुर यादव अपनी टीम के साथ क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग और वांछित अभियुक्तों की तलाश में लगे थे। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि इस मामले का एक वांछित अभियुक्त सरायमीर कस्बे के नई बाजार मोड़, स्टेट बैंक के पास मौजूद है और भागने की फिराक में है।सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर अभियुक्त को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम साकिब खान पुत्र स्व. फिरोज अहमद, निवासी ग्राम छित्तेपुर, थाना सरायमीर बताया। पुलिस द्वारा आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।
सरायमीर थाना प्रभारी निरीक्षक भुवनेश चौबे के नेतृत्व में थाना पुलिस लगातार अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। उनके कार्यभार संभालने के बाद से क्षेत्र में अपराध नियंत्रण की दिशा में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है।वे स्वयं चेकिंग अभियान में सक्रिय भूमिका निभाते हैं, संदिग्ध व्यक्तियों पर पैनी नजर रखते हैं और हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की निगरानी के साथ–साथ उनके ठिकानों पर लगातार दबिश भी दिला रहे हैं।उनकी इस तत्परता और कड़ी कार्यशैली के कारण अपराधियों में भय का माहौल बना हुआ है, ।

# ट्रेन की चपेट में आने से नवयुवक की मौत

चित्रकूट। भरतकूप थाना अंतर्गत बदौसा के पास ट्रेन से कटकर नवयुवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है।ये घटना भरतकूप थाना अंतर्गत बदौसा के पास हुई। बताया गया कि अज्जू (17) पुत्र कल्लू निवासी नईदुनिया अकबरपुर थाना भरतकूप रेलवे दोहरीकरण के काम में ठेकेदारी में काम कर रहा था। दोपहर में खाने की छुट्टी के दौरान रेल ट्रैक पार करके दुकान कुछ सामान लेने गया था। वापस लौटते समय ट्रैक पार करने के दौरान आ रही मालगाड़ी को नहीं देख पाया और चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

# महिला ने पति पर लगाए गंभीर आरोप

चित्रकूट। कोतवाली कर्वी के कालूपुर पाही निवासी रामा दीक्षित पत्नी महेंद्र दीक्षित ने पति पर आरोप लगाया कि 12 वर्ष से उसे विरक्त किए हुए हैं। एक महिला उसके पति को फंसाकर उसकी जमीन बेचवा कर पैसे को हड़प रही है। मना करने पर पति ने उसे मारपीटा। जिससे उसका दांत टूट गया। बताया कि उसके तीन बच्चे हैं। वह कर्वी में एक कपड़े की दुकान में नौकरी कर अपने बच्चों का पालन पोषण कर रही है। पीड़िता ने पुलिस अधिकारियों को पत्र देकर इंसाफ दिलाने की फरियाद लगाई है।

# दो दिवसीय अंतराष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ शुभारम्भ

आजमगर्ढ (आरएनएस)राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, आजमगढ़ में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन "एंटरप्रेन्योरशिप, सस्टेनेबिलिटी एवं इमर्जिंग टेक्नोलॉजिज फॉर इकोनॉमिक ड्वेलपमेंट (ष्मेम्ज्व्26)" का शुभारंभ आज अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन का आयोजन संस्थान के उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ (म्क्ब्) द्वारा किया जा रहा है, जिसमें देश–विदेश के शिक्षाविद्, शोधकर्ता, उद्योग विशेषज्ञ एवं छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं।अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का उद्घाटन मुख्य अतिथि आईआईटी बीएचयू के निदेशक प्रो अमित पात्रा ने किया।अपने उद्बोधन में उन्होंने नवाचार, उद्यमिता एवं उभरती प्रौद्योगिकियों के माध्यम से सतत आर्थिक विकास की आवश्यकता पर बल दिया तथा युवाओं को स्टार्टअप एवं शोध आधारित गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। प्रो अमित पात्रा ने अपने उद्बोधन का समापन एक अत्यंत ही भावपूर्ण देशभक्ति गीत के माध्यम से देश और मातृभूमि की सेवा हेतु प्रेरित कर किया।इस अवसर पर मुख्य वक्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो सतीश देवधर (डीन, फैकल्टी, आईआईएम अहमदाबाद) ने अपने कीनोट व्याख्यान में वैश्विक अर्थव्यवस्था, उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र तथा सतत विकास लक्ष्यों की प्रासंगिकता पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नवाचार आधारित उद्यमिता ही भारत को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बना सकती है।कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक प्रो बी के त्रिपाठी ने किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने सम्मेलन के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि यह मंच शोध, नवाचार और उद्योग–शिक्षा सहयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। संस्थान के अभी हाल ही में प्रदेश की रैंकिंग में नंबर एक आरईसी बनने की यात्रा को भी साझा किया।उद्घाटन सत्र का सफल संचालन कांफ्रेंस समन्वयक एवं संस्थान के कुलसचिव डॉ अम्बरीष सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने सम्मेलन की रूपरेखा, उद्देश्य एवं विभिन्न तकनीकी सत्रों की जानकारी प्रस्तुत की तथा सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। डॉ अम्बरीष सिंह ने बताया ।

# नवरात्र के पहले दिन भक्तों ने किया मां शैलपुत्री का दर्शन।

आजमगढ़ (आरएनएस)निजामाबाद तहसील क्षेत्र के भैरोपुर कला ग्रामसभा में स्थित शक्तिपीठ मां शीतला दरबार में श्रद्धालुओं का रेला माता के दरबार में मत्था टेक कर दर्शन पूजन कर अपने और अपने परिवार की सुख शान्ति की कामना की। मां का दरबार सुबह से ही खचाखच भरा था।भक्तो को लाइन में लगकर माता का दर्शन करना पड़ा।बताते चले कि कस्बे से सटे ग्रामसभा भैरोपुरकला में मां शीतला का प्राचीन वा भव्य मंदिर क्षेत्रवासियों ही नहीं बल्कि दूर दराज के लोगों के भी आस्था का केंद्र है।नवरात्र के प्रथम दिन सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।प्रथम दिन देवी स्वरूपा शैलपुत्री की पूजा अर्चना हुई।भक्तो ने मंदिर में पहुंचकर पूजन अर्चन कर परिवार के सुख समृद्धि की कामना किया।वही घरों में भी विधि विधान के साथ कलश की स्थापना करने के साथ ही दुर्गा सप्तशती पाठ की शुरुआत हुई।

# 21 मार्च तक मध्यस्थता अभियान की तिथि बढ़ी

चित्रकूट। उच्चतम न्यायालय तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार चलाये जा रहे राष्ट्र के प्रति मध्यस्थता अभियान के लिये वाद चिन्हाकन की तिथि 21 मार्च तक विस्तारित किया गया है। जिसके सम्बन्ध में जनपद न्यायाधीश शेषमणि शुक्ला ने समस्त न्यायिक अधिकारियों की एक आवश्यक बैठक आहूत की। बैठक में राष्ट्र के प्रति मध्यस्थता अभियान 2.0 के लिये विभिन्न न्यायालयों से सन्दर्भित वादों की समीक्षा की गयी। जिसमें यह पाया गया कि अब तक कुल 850 वादों का चिन्हाकन किया गया।

# युजवेंद्र चहल ने आईपीएल 2026 से पहले उठाया बड़ा कदम, छह महीने से शराब को नहीं लगाया हाथ

भारतीय स्पिनर युजवेंद्र चहल ने आईपीएल 2026 के लिए अपनी फिटनेस को प्राथमिकता देते हुए शराब छोड़ दी है। एबी डी विलियर्स के साथ बातचीत में उन्होंने खुलासा किया कि पिछली चोटों के बाद वह अब पंजाब किंग्स के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सीजन से पहले अपनी फिटनेस और प्रदर्शन को प्राथमिकता देने के लिए शराब का सेवन बंद कर दिया है। उन्होंने एबी डी विलियर्स के यूट्यूब चैनल एबी डी विलियर्स 360 पर हुई बातचीत के दौरान यह खुलासा किया। चहल ने पिछले आईपीएल सीजन में लगी चोटों के बारे में बताते हुए कहा कि केकेआर के खिलाफ मैच के बाद मेरी कूल्हे की हड्डी टूट गई थी, और टूर्नामेंट में आगे चलकर



मेरी उंगली के जोड़ में भी फ्रैक्चर हो गया। इसलिए सेमीफाइनल (क्वालिफायर) और फाइनल में मैं अपनी सही लेग–स्पिन गेंदबाजी नहीं कर पाया। लेकिन इस साल मैं अपने शरीर का ख्याल रखना चाहता था, और आपके लिए एक अच्छी खबर हैरू मैंने शराब पीना छोड़ दिया है। छह महीने से ज्यादा हो गए हैं। 35 साल की उम्र में, चहल ने आगामी सीजन में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के लिए पूरी तरह फिट रहने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की महत्वाकांक्षा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अब मैं और अधिक सक्रिय रहना चाहता हूं और अपनी टीम के लिए अपना 150: देना चाहता हूं। एक वरिष्ठ गेंदबाज और वरिष्ठ खिलाड़ी के रूप में, लोग मुझे देखेंगे और सोचेंगे, श्इस खिलाड़ी से हमें कुछ सीखना चाहिए। चहल ने दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) में रिकी पोंटिंग और श्रेयस अय्यर के नेतृत्व और मिलनसार स्वभाव की भी सराहना की, और टीम के भीतर सौहार्द और भूमिकाओं के स्पष्ट निर्धारण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि रिकी और श्रेयस ने आईपीएल के दौरान दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) में एक साथ काम किया है, इसलिए उनके बीच वह घनिष्ठ संबंध है, और मैं मुंबई इंडियंस में रहते हुए उनके ख्पोंटिंग, साथ खेला था। लेकिन जब मैं उनसे मिला, तो वे खिलाड़ियों और उनकी भूमिकाओं को लेकर बहुत स्पष्ट थे। एक खिलाड़ी के तौर पर आप यही सबसे अच्छी बात चाहते हैं। लेग स्पिनर ने उनकी सुलभता और दोस्ताना माहौल पर जोर देते हुए कहा कि उनसे बात करना बहुत आसान है दृ आप कभी भी वहां जा सकते हैं, रिकी को मैसेज कर सकते हैं, वह हमेशा उपलब्ध रहते हैं। श्रेयस के साथ भी ऐसा ही है। आपको ऐसा नहीं लगता कि वह आपके कप्तान हैं , वह तो बस आपके दोस्त हैं।

# क्यों आईपीएल 2026 के शुरुआती मैच मिस करेंगे फर्ग्यूसन पीबीकेएस के पेसर ने खुद बताई वजह

पंजाब किंग्स को आईपीएल 2026 की शुरुआत में अपने प्रमुख कीवी पेसर लॉकी फर्ग्यूसन के बिना खेलना होगा, जिन्होंने अपने बेटे के जन्म के बाद पितृत्व अवकाश लिया है। फर्ग्यूसन के इस फैसले का टीम की शुरुआती गेंदबाजी रणनीति पर असर पड़ सकता है, हालांकि वह सीजन के अंत तक वापसी कर सकते हैं।न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) का प्रतिनिधित्व करते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के शुरुआती मैचों में नहीं खेल पाएंगे। हाल ही में भारत और श्रीलंका में आयोजित आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के दौरान, फर्ग्यूसन ने अपने परिवार के साथ समय बिताने के लिए कुछ समय के लिए पितृत्व अवकाश लिया था। बाद में वे सुपर आठ चरण के लिए न्यूजीलैंड टीम में वापस शामिल हो गए। अहमदाबाद में भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप फाइनल के नौ दिन बाद, फर्ग्यूसन ने हैमिल्टन के खिलाफ शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन करते हुए 3श्16 विकेट लिए और पांच मैचों की टी20 सीरीज के दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ न्यूजीलैंड को सीरीज बराबर करने में मदद की। ऑकलैंड में होने वाले उस मैच से पहले, उन्होंने बताया कि हाल ही में उनके बेटे के जन्म ने उनकी प्राथमिकताओं को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि अभी–अभी मेरा एक छोटा बेटा हुआ है, मैं घर पर जितना हो सके उतना समय बिताने और पत्नी की मदद करने की कोशिश कर



रहा हूं। उन्होंने आगे कहा कि इसके बाद मुझे कुछ हफ्तों का आराम मिलेगा, फिर मैं आईपीएल के अगले चरणों की तैयारी करूंगा और सर्दियों के लिए बाहर जाऊंगा। अपनी गति और अहम मौकों पर बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मशहूर दाएं हाथ के तेज गेंदबाज फर्ग्यूसन के आईपीएल 2026 सीजन के अंत में पीबीकेएस में फिर से शामिल होने की उम्मीद है। राष्ट्रीय टीम में अपनी भागीदारी के बारे में बताते हुए फर्ग्यूसन ने कहा कि ब्लैक कैप्स के लिए खेलना हमेशा खुशी की बात होती है, भारत में टीम के साथ बिताए समय का मैंने खूब आनंद लिया, लेकिन दुर्भाग्य से सीजन की शुरुआत में ही चोटें लग गईं।

# आईपीएल 2026 से पहले अभिशेक शर्मा को अनिल कुम्बले का मंत्र, सेहवाग जैसा बनना होगा

पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले ने सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा को वीरेंद्र सहवाग की तरह अपनी आक्रामक बल्लेबाजी में जिम्मेदारी का संतुलन लाने की सलाह दी है। कुंबले का मानना है कि अभिषेक को अपनी विस्फोटक शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने के लिए क्रीज पर अधिक समय बिताने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।भारत के पूर्व कप्तान और कोच अनिल कुंबले का मानना घ्है कि शानदार सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को अपनी आक्रामकता और क्रीज पर लंबे समय तक टिके रहने के बीच सही संतुलन बनाना होगा जैसा वीरेंद्र सहवाग ने अपने करियर के दौरान किया था। पच्चीस साल के अभिषेक हाल में शीर्ष क्रम के सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में शामिल रहे हैं। वे अक्सर ज्यादा जोखिम और ज्यादा रन जुटाने (हाई–रिस्क, हाई–रिवॉर्ड) वाले अंदाज से शानदार शुरुआत दिलाते हैं। हालांकि वह अपनी तेज शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में ज्यादातर नाकाम रहे हैं।कुंबले



ने कहा, ''मैं उनकी तुलना वीरेंद्र सहवाग जैसे खिलाड़ी से करूंगा क्योंकि वह हर गेंद को स्मैश करने की कोशिश करते थे। जब वह टेस्ट क्रिकेट से वनडे क्रिकेट और फिर टी20 क्रिकेट में आए तो उन्हें अहसास हुआ कि उन्हें अपनी पारी की गति थोड़ी अलग तरह से तय करनी होगी। '' उन्होंने 'जियो स्टार' से कहा, ''लेकिन सहवाग तब भी 140–150 के स्ट्राइक रेट से खेलते थे। अभिषेक शर्मा को इस बारे में सोचना शुरू करना चाहिए। उन्हें खुद से पूछना चाहिए, 'मैं 200 के स्ट्राइक रेट से रन बना रहा हूं, मुझसे उम्मीदें लगी हुई हैं, तो क्या अब मुझे 300 के स्ट्राइक रेट से खेलना चाहिए या नहीं?' आपको बस सामान्य रहना है। आपको ज्यादा से ज्यादा गेंदें खेलनी हैं। ''उन्होंने कहा, ''अगर अभिषेक शर्मा किसी पारी में 20 गेंदें खेलते हैं तो हम जानते हैं कि वे 50 रन के आंकड़े के करीब पहुंच जाएंगे। हमने संजू सैमसन के साथ भी ऐसा ही देखा है, वह 40 या 50 के स्कोर पर आउट नहीं होते बल्कि पारी को और आगे ले जाकर 85–90 के स्कोर तक पहुंचते हैं और अपनी पारी को यादगार बनाते हैं। '' कुंबले ने कहा, ''टी20 प्रारूप में आपको इसी तरह की बल्लेबाजी की जरूरत होती है। शायद इस सत्र में आपको अभिषेक में इसी तरह की परिपक्वता देखने को मिलेगी जिसकी सनराइजर्स हैदराबाद को भी उम्मीद होगी। '' अभिषेक के लिए टी20 विश्व कप का सफर कुछ खास नहीं रहा था और अब वह 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से खेलते नजर आएंगे। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने भी इस बाएं हाथ के बल्लेबाज से ज्यादा निरंतरता लाने की बात कही क्योंकि अब अभिषेक को उम्मीदों के बढ़ते दबाव का भी सामना करना होगा। उन्होंने कहा, ''वह अब 25 साल का है, 20 का नहीं। इसलिए यह निश्चित रूप से वह दौर है जब उसे ज्यादा जिम्मेदारी लेनी शुरू कर देनी चाहिए। मीडिया का दबाव होगा और लोग उससे और अधिक अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद करेंगे। '' डिविलियर्स ने कहा, ''हम जानते हैं कि टी20 विश्च कप के दौरान उसका प्रदर्शन थोड़ा ऊपर–नीचे रहा था, जो निराशाजनक था।

# दिल्ली कैपिटल्स की बढ़ी टेंशन, स्टार गेंदबाज जोश हेजलवुड शुरुआती मैचों से हुए बाहर

आईपीएल 2026 से पहले दिल्ली कैपिटल्स को बड़ा झटका लगा है, क्योंकि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा वर्कलोड मैनेजमेंट के चलते उनके स्टार तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क शुरुआती मैचों से बाहर हो गए हैं। स्टार्क के अलावा पैट कमिंस और जोश हेजलवुड भी अनुपलब्ध रहेंगे, जिससे दिल्ली की गेंदबाजी रणनीति पर काफी असर पड़ेगा।आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) 2026 28 मार्च से शुरू होने के लिए पूरी तरह तैयार है। सीजन शुरू होने से पहले ही, विभिन्न फ्रेंचाइजी कई चोटों से जूझ रही हैं। नाथन एलिस, सैम कुरेन, जैक एडवर्ड्स और कई अन्य खिलाड़ी चोट के कारण बाहर हो चुके हैं। नए सीजन से पहले, दिल्ली कैपिटल्स को एक बड़ा झटका लगा है क्योंकि उनके दिग्गज



तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क आईपीएल 2026 के शुरुआती चरणों में नहीं खेल पाएंगे। यह स्पष्ट नहीं है कि स्टार्क कितने मैच नहीं खेल पाएंगे, लेकिन यह शुरुआती चरणों में कुछ मैच हो सकते हैं। गौरतलब है कि स्टार्क को आईपीएल 2025 सीजन से पहले दिल्ली कैपिटल्स ने 11.75 करोड़ रुपये में खरीदा था। वह जोश हेजलवुड और पैट कमिंस के साथ उन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं जो आईपीएल 2026 के शुरुआती मैचों में नहीं खेलेंगे। क्रिकेट डॉट कॉम एयू के अनुसार, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) स्टार्क और अपने अन्य मल्टी–फॉर्मेट गेंदबाजों के मामले में सतर्कता बरत रहा है, क्योंकि राष्ट्रीय टीमों के आगामी महत्वपूर्ण मुकाबले हैं। दिल्ली कैपिटल्स की बात करें तो, स्टार्क की अनुपस्थिति में टीम लुंगी एनगिडी, टी. नटराजन, औकिब नबी डार, काइल जैमीसन और दुशमंथा चमीरा जैसे खिलाड़ियों पर निर्भर रहेगी।रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय टीम अगले साल कई टेस्ट मैच खेलने के लिए पूरी तरह तैयार है और दक्षिण अफ्रीका, भारत और इंग्लैंड के दौरे करेगी। इसके बाद टीम 2027 में दक्षिण अफ्रीका में अपने वनडे विश्व कप खिताब का बचाव करेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया अपने स्टार मल्टी–फॉर्मेट गेंदबाजों के प्रति सतर्कता बरत रहा है, क्योंकि आगे का शेड्यूल काफी व्यस्त हैरू अगस्त से, टेस्ट टीम 12 महीनों में 21 मैच खेलेगी, जिसमें दक्षिण अफ्रीका, भारत और इंग्लैंड के ऐतिहासिक दौरे शामिल हैं, ।

# आईपीएल 2024 से पहले एमएस धोनी की सीएसके को तगड़ा झटका, स्टार पेसर नाथन इलिस टूर्नामेंट से बाहर

आईपीएल के आगामी सत्र से पहले चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा झटका लगा है, क्योंकि उनके ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज नाथन एलिस हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। टीम ने अभी तक उनके विकल्प की घोषणा नहीं की है, जिससे



उनकी गेंदबाजी आक्रमण पर असर पड़ सकता है। पांच बार की चौंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को आईपीएल के आगामी सत्र से पहले बड़ा झटका लगा है क्योकि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज नाथन एलिस हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। टीम के एक अधिकारी ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। इकत्तीस साल के एलिस से उम्मीद थी कि वह टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे क्योंकि श्रीलंकाई गेंदबाज मथीशा पथिराना को कोलकाता नाइट राइडर्स ने अपनी टीम में शामिल कर लिया है। सीएसके के एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया, ''हां, वह बाहर हो गए हैं। हमने अभी तक उनके विकल्प के बारे में कोई फैसला नहीं किया है। एलिस ने 17 आईपीएल मैचों में 19 विकेट लिए हैं। उन्हें पंजाब किंग्स के साथ चार सत्र बिताने के बाद 2025 की मेगा नीलामी में सीएसके ने दो करोड़ रुपये में खरीदा था और 2026 सत्र से पहले उन्हें टीम में बरकरार रखा गया था। सीएसके ने अभी तक उनके विकल्प की घोषणा नहीं की है।

# आईपीएल इतिहास में नया अध्याय, दिल्ली कैपिटल्स के कोचिंग स्टाफ में शामिल हुए मूनीजश्न

आईपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स ने आयरलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जॉन मूनी को अपना नया क्षेत्ररक्षण कोच नियुक्त किया है, जिससे वह किसी आईपीएल टीम के कोचिंग स्टाफ में शामिल होने वाले पहले आयरिश क्रिकेटर बन गए हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को घोषणा की कि उन्होंने आयरलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जॉन मूनी को 28 मार्च से शुरू होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए अपना क्षेत्ररक्षण कोच नियुक्त किया है। मूनी (44 साल) किसी आईपीएल फ्रेंचाइजी के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा बनने वाले पहले आयरिश क्रिकेटर हैं। वह मुख्य कोच हेमांग बदानी, मुनाफ पटेल (गेंदबाजी कोच), इयान बेल (सहायक कोच) और वेणुगोपाल राव (क्रिकेट निदेशक) के साथ जुड़ेंगे।यह वीनर्स नकली दांतों से 300 गुना बेहतर है! और कीमत बहुत सस्ती हैमूनी आयरलैंड की महिला टीम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले।



2018–2019 तक अफगानिस्तान के क्षेत्ररक्षण कोच थे और भारत में उनके ऐतिहासिक टेस्ट पदार्पण का हिस्सा रहे थे। उन्होंने 2019 में वेस्टइंडीज के साथ भी काम किया था और पिछले साल के साथ भी कुछ समय के लिए जुड़े रहे थे। बाएं हाथ के बल्लेबाज और दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मूनी ने 2006 से 2015 के बीच आयरलैंड के लिए 64 वनडे और 27 2015 में संन्यास लेने से पहले उन्होंने तीन वनडे विश्व कप (2007, 2011 और 2015) और दो टी20 विश्व कप (2009 और 2010) में हिस्सा लिया था।

# पशिचम एशिया संकट की मार डब्ल्यूटीओ ने चेताया- घटेगा व्यापार, बढ़ेगी मंहगाई

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने पश्चिम एशिया संकट के कारण इस साल वैश्विक व्यापार वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 1.9 प्रतिशत कर दिया है, जिससे भारत के निर्यात लक्ष्यों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। संगठन ने चेतावनी दी है कि ऊर्जा की ऊंची कीमतों और परिवहन बाधाओं से खाद्य आपूर्ति और सेवाओं के व्यापार पर भी दबाव बढ़ने की आशंका है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने बुधवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच इस साल वैश्विक व्यापार वृद्धि दर धीमी होकर 1.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। डब्ल्यूटीओ के अर्थशास्त्रियों ने आगाह किया है कि यदि ऊर्जा की कीमतें उच्च स्तर पर बनी रहती हैं, तो पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से व्यापार वृद्धि में और गिरावट आ सकती है।इसके साथ ही, यात्रा और परिवहन में आने वाली बाधाओं के कारण खाद्य आपूर्ति और सेवाओं के व्यापार पर भी दबाव बढ़ने की आशंका है। डब्ल्यूटीओ की वैश्विक व्यापार परिदृश्य और सांख्यिकी' रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक वस्तु व्यापार की वृद्धि दर वर्ष 2025 के 4.6 प्रतिशत से घटकर 2026 में 1.9 प्रतिशत रह जाएगी। एआई से संबंधित उत्पादों की मांग में उछाल और नए शुल्कों से बचने के लिए आयात में आई तेजी के बाद अब व्यापार के सामान्य होने की उम्मीद है। यह पूर्वानुमान भारत के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं, क्योंकि देश अपने निर्यात को बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। डब्ल्यूटीओ की महानिदेशक नगोजी ओकोन्जो इवेला ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण इस आधारभूत पूर्वानुमान पर दबाव बना हुआ है।

# एलपीजी के बाद अब पेट्रोल और डीजल के दाम भी बढ़े, इरान युद्व से भारत में महंगाई का खतरा बढ़ा!

हम आपको बता दें कि इस पूरी आग की जड़ पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष है। ईरान और उसके विरोधियों के बीच बढ़ते टकराव ने कच्चे तेल के दाम को सौ डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचा दिया है और कई बार यह एक सौ बीस डॉलर तक उछल चुका है। ईरान युद्ध का असर अब सीधे भारत तक पहुंच चुका है और महंगाई की आग तेजी से भड़कने वाली है। तेल से लेकर खाने तक और रोजमर्रा की हर चीज पर इसका असर साफ दिखने लगा है। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि आम आदमी की जेब पर आने वाले दिनों में जबरदस्त चोट पड़ने वाली है। हम आपको बता दें कि सबसे बड़ा झटका ईंधन के मोर्चे पर लगा है। सरकारी तेल कंपनियों ने प्रीमियम श्रेणी के पेट्रोल की कीमतों में दो रुपए से ज्यादा की बढ़ोतरी कर दी है। अलग अलग कंपनियों के उच्च गुणवत्ता वाले पेट्रोल में यह बढ़ोतरी 2.09 से लेकर 2.35 रुपए प्रति लीटर तक हुई है। हालांकि सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों को फिलहाल जस का तस रखा गया है ताकि आम जनता को तुरंत झटका न लगे, लेकिन यह राहत अस्थायी मानी जा रही है। लेकिन असली खतरा यहां खत्म नहीं होता। औद्योगिक डीजल की कीमतों में तो विस्फोटक उछाल आया है। पहले जो डीजल सत्तासी रुपए के आसपास मिल रहा था, वह अब सीधे एक सौ नौ रुपए प्रति लीटर के पार पहुंच गया है। हम आपको बता दें कि यह डीजल आम जनता नहीं बल्कि फैक्ट्रियों, खनन कंपनियों, निर्माण कार्य और बड़े बिजली संयंत्रों में इस्तेमाल होता है। इसका मतलब साफ है कि उत्पादन लागत बढ़ेगी, माल ढुलाई महंगी होगी और अंत में हर चीज की कीमत आम आदमी से वसूली जाएगी। हम आपको यह भी याद दिला दें कि हाल ही में एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में भी 60 रुपए की वृद्धि की गयी थी। देखा जाये तो इस पूरी आग की जड़ पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष है। ईरान और उसके विरोधियों के बीच बढ़ते टकराव ने कच्चे तेल के दाम को सौ





डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचा दिया है और कई बार यह एक सौ बीस डॉलर तक उछल चुका है। सबसे बड़ी चिंता उस समुद्री रास्ते को लेकर है जहां से दुनिया का लगभग बीस प्रतिशत तेल गुजरता है। इस रास्ते में जरा–सी रुकावट भी पूरी दुनिया की ऊर्जा व्यवस्था को हिला सकती है।भारत के लिए यह स्थिति बेहद खतरनाक है क्योंकि देश अपनी जरूरत का 85 से 90 प्रतिशत तेल विदेशों से मंगाता है। इनमें से लगभग आधा तेल उसी संवेदनशील समुद्री मार्ग से होकर आता है। जैसे ही वहां खतरा बढ़ता है, जहाजों का खर्च बढ़ता है, बीमा महंगा होता है और कुल मिलाकर भारत का आयात बिल आसमान छूने लगता है। विशेषज्ञ साफ चेतावनी दे रहे हैं कि तेल के दाम में हर दस डॉलर की बढ़ोतरी भारत की अर्थव्यवस्था पर भारी बोझ डालती है और महंगाई को तेज कर देती है। सरकारी आकलन और भी डराने वाला है। यदि यह संकट कुछ महीनों तक जारी रहा तो भारत को हर साल तीस हजार से पचास हजार करोड़ रुपए तक का अतिरिक्त बोझ झेलना पड़ सकता है।

# सुदिगाली सुधीर की फिल्म ग्रेटेस्ट आफ आल टाइम्स को मिला यू/ए सर्टिफिकेट, 26 मार्च को रिलीज की हुई पुष्टि

लोकप्रिय हास्य अभिनेता से नायक बने सुदिगाली सुध ीर अभिनीत आगामी तेलुगु फिल्म जीओएटी (ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम्स) ने सेंसर संबंधी औपचारिकताएं सफलतापूर्वक पूरी कर ली हैं और 26 मार्च को विश्वव्यापी सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

इस फिल्म में दिव्या भारती मुख्य अभिनेत्री के रूप में हैं और इसका निर्देशन वेदव्यास ने किया है। चंद्रशेखर रेड्डी मोगुल्ला महातेजा क्रिएशन्स और जैशनाव प्रोडक्शंस के बैनर तले फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। फिल्म पर फिलहाल पोस्ट–प्रोडक्शन का काम चल रहा है।

फिल्म निर्माताओं के अनुसार, अब तक रिलीज हुई सामग्री को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है और ट्रेलर जल्द ही रिलीज किया जाएगा। फिल्म की सेंसर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और सेंसर बोर्ड ने इसे यूध्ए प्रमाणपत्र प्रदान किया है।फिल्म के बारे में बात करते हुए निर्माता ने कहा कि फिल्म को भव्य पैमाने पर बनाया जा रहा है और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि फिल्म तकनीकी रूप से सशक्त होगी और सुदिगाली सुधीर के करियर में एक मील का पत्थर साबित होगी। फिल्म का हर फ्रेम खूबसूरती से बना है। एक संपूर्ण व्यावसायिक मनोरंजन होने के साथ–साथ, फिल्म में एक सार्थक संदेश भी है जो आज के युवाओं को सोचने पर मजबूर करेगा, उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि फिल्म सभी वर्गों के दर्शकों का मनोरंजन करेगी।फिल्म में सुदीगाली सुधीर और दिव्या भारती के अलावा सर्वदमन बनर्जी, नितिन प्रसन्ना, ब्रह्माजी, पृथ्वी राज, आडुकलम नरेन, राजेंद्रन,



आनंद रामराज, छम्मक चंद्रा, पम्मी साई और नवीन नेनी भी अहम भूमिकाओं में हैं।फिल्म का संगीत लियोन जेम्स ने तैयार किया है, जबकि बैकग्राउंड स्कोर मणि शर्मा ने दिया है। छायांकन रसूल एलोर ने किया है, वहीं संपादन विजय मुक्तवरपु ने किया है। राजीव नायर प्रोडक्शन डिजाइनर हैं। समाइरा रेड्डी एन सह–निर्माता हैं और प्रसून मंडावा क्रिएटिव प्रोड्यूसर हैं।

# फिल्म राकासा का दूसरा गाना पढ़े पढ़े रिलीज, 3 अप्रैल को विश्वव्यापी थिएटर रिलीज

राकासा के निर्माताओं ने फिल्म का दूसरा सिंगल, पढ़े पढ़े रिलीज कर दिया है, जो दर्शकों को एक मधुर रोमांटिक धुन से रूबरू कराता है। यह धुन प्यार की कोमल भावनाओं को धीरे–धीरे पनपते हुए बयां करती है। सिंधुजा श्रीनिवासन द्वारा गाया गया, अनुदीप देव द्वारा संगीतबद्ध और किट्टू विस्साप्रगड़ा द्वारा लिखित यह गीत फिल्म के संगीतमय सफर में एक भावपूर्ण आयाम जोड़ता है। संगीत सोभन और नयन सारिका अभिनीत एक गीतात्मक वीडियो के रूप में प्रस्तुत पढ़े पढ़े श्रोताओं को उस पल की एक भावनात्मक झलक देता है जब फिल्म के मुख्य किरदारों के बीच स्नेह धीरे–धीरे पनपने लगता है।

पढ़े पढ़े की खासियत इसकी मनमोहक संगीत रचना है, जो शास्त्रीय संगीत और समकालीन धुनों का अनूठा संगम है। संगीतकार अनुदीप देव ने वीणा की मधुर ध्वनि को संगीत में पिरोकर एक ऐसा शास्त्रीय स्पर्श जोड़ा है जो गीत की भावनात्मक गहराई को और भी बढ़ा देता है। यह पारंपरिक वाद्ययंत्र शहरी धुन की लय पर सहजता से बजता है, जिससे एक आरामदायक तालबद्ध संरचना बनती है और धुन स्वाभाविक रूप से उभरती है। गीतकार कित्तू विस्साप्रगड़ा ने गीत को प्रेम के इजहार के नाजुक अनुभव के इर्द–गिर्द बुना है, जिसमें सीधे तौर पर प्रेम का इजहार करने के बजाय इशारों का सहारा लिया जाता है। यह गीत उस व्यक्ति की अंतरात्मा को दर्शाता है जो अपने प्रिय के करीब आने के लिए छोटे–छोटे बहाने ढूंढता रहता है, इस उम्मीद में कि अंततरू उसकी भावनाओं को समझा जाएगा। इस भावनात्मक सार को और भी निखारते हुए, गायिका सिंधुजा श्रीनिवासन अपनी भावपूर्ण गायकी से गर्माहट और ईमानदारी का संचार करती हैं, जिससे गीत में एक कोमल आत्मीयता आती है जो गीत के कोमल रोमांटिक भाव को और भी निखार देती है।

संगीत सोभान मुख्य भूमिका में हैं, जिन्होंने हाल ही में युवाओं पर केंद्रित सफल फिल्मों मैड और मैड स्क्वायर से अपनी लोकप्रियता को और मजबूत किया है। राकासा में वे नयन सारिका के साथ एक ऐसी कहानी में नजर आते हैं जो रोमांस, हास्य और काल्पनिक तत्वों का मिश्रण है। फिल्म में वेन्नेला किशोर, ब्रह्माजी, तनिकेला भरानी, आशीष विद्यार्थी और गेटअप श्रीनु जैसे प्रतिभाशाली कलाकार भी हैं। इस फिल्म की पटकथा और निर्देशन मानसा शर्मा ने किया है, जिन्होंने सबसे पहले ओका चिन्ना फैमिली स्टोरी की रचनाकार और लेखिका के रूप में और बाद में बेंच लाइफ की निर्देशक के रूप में पहचान हासिल की।



तकनीकी दृष्टि से, फिल्म को अनुभवी कलाकारों की टीम का सहयोग प्राप्त है, जिन्होंने इसके दृश्य और संगीतमय वातावरण को आकार दिया है। अनुदीप देव ने फिल्म का संगीत तैयार किया है, जिसमें मधुरता और विषयवस्तु का ऐसा सामंजस्य है जो फिल्म की कहानी को जीवंत बनाता है। छायांकन राजू एडुरोलू ने किया है, जबकि अनवर अली ने संपादन का कार्यभार संभाला है। निहारिका कोनिडेला ने पिंक एलिफेंट पिक्चर्स बैनर के तहत जी स्टूडियोज के सहयोग से फिल्म का निर्माण किया है, और उमेश कुमार बंसल इसके निर्माता हैं। फिल्म के प्रचार अभियान ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उल्लेखनीय लोकप्रियता हासिल करना शुरू कर दिया है। फिल्म के टाइटल की झलक को 19 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है, जबकि टीजर को भी जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है और इसे 28 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है। पहला सिंगल रप्पा भी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और यूट्यूब पर इसे 11 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है। दूसरे सिंगल पढ़े पढ़े के आने से, साउंडट्रैक में अब एक सौम्य रोमांटिक आयाम उभर कर सामने आया है, जिससे फिल्म की संगीतमय पहचान का विस्तार हुआ है और दर्शकों की इस प्रोजेक्ट के प्रति उत्सुकता और भी बढ़ गई है। घरेलू बाजार के अलावा, राकासा एक व्यापक विदेशी रिलीज की तैयारी कर रही है। यह फिल्म अथर्वना भद्रकाली पिक्चर्स के माध्यम से 350 से अधिक अंतरराष्ट्रीय सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिसमें अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, यूरोप, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। उत्तरी अमेरिका में वितरण का प्रबंधन प्रत्यंगिरा सिनेमाज द्वारा किया जाएगा, जबकि फिल्म के गाने प्रतिष्ठित सारेगामा लेबल के तहत रिलीज किए जा रहे हैं।

# ऋतिक रोशन और प्राइम वीडियो की नई पारी, मेस के लिए आए साथ, किया कामेडी फिल्म का एलान

प्राइम वीडियो की यह आने वाली ऑरिजनल फिल्म मेस, ऋतिक रोशन और ईशान रोशन द्वारा उनके बैनर एचआरएक्स फिल्म्स (फिल्मक्राफ्ट प्रोडक्शंस की एक डिवीजन) के तहत बनाई जा रही है। इस प्रोजेक्ट में राजेश ए. कृष्णन की सोडा फिल्म्स लैब भी उनके साथ जुड़ी है. राजेश ए. कृष्णन के निर्देशन में बनने वाली इस फिल्म का प्रोडक्शन जल्द ही शुरू होने वाला है. प्राइम वीडियो ने आज अपनी आने वाली प्राइम ओरिजिनल फिल्म मेस का एलान किया है. यह कॉमेडी फिल्म स्ट्रीमिंग सर्विस और एचआरएक्स फिल्म्स (फिल्मक्राफ्ट प्रोडक्शंस की एक डिवीजन) के बीच दूसरा कोलैबोरेशन है, इससे पहले थ्रिलर सीरीज स्टॉर्म का एलान हो चुका है.ऋतिक रोशन और ईशान रोशन द्वारा एचआरएक्स फिल्म्स के बैनर तले और राजेश ए कृष्णन की सोडा फिल्म्स लैब के साथ मिलकर बनाई गई इस फिल्म का निर्देशन खुद कृष्णन ही कर रहे हैं. इस फिल्म की ओरिजिनल पटकथा अमेरिकी लेखक पॉल सोटर ने लिखी है, जबकि अडैप्टेड स्क्रीनप्ले और डायलॉग्स कपिल सावंत ने लिखे हैं.मेस की कहानी लुटेरों के एक ऐसे अजीबोगरीब ग्रुप के बारे में है, जो एक ओसीडी से पीड़ित आदमी के घर में घुस जाते हैं. धीरे–धीरे उन्हें एहसास होता है कि खतरा उस परिवार को नहीं, बल्कि खुद उन्हें है और इस रात भर चलने वाली खींचतान में उनका बचना मुश्किल है.

निखिल मधोक (डायरेक्टर और हेड ऑफ ओरिजिनल्स, प्राइम वीडियो इंडिया) ने कहा, एक अच्छी कहानी की पहचान यह है कि वह आपको हैरान कर दे और अंत तक आपका मनोरंजन करे. मेस के साथ हमारे पास एक ऐसी कहानी है जो न सिर्फ यह सब करती है, बल्कि आपको हर मोड़ पर हंसाती भी है. उन्होंने आगे बताया, इस फिल्म का कॉन्सेप्ट बहुत ही नया और फ्रेश है और इसके किरदार भी काफी मजेदार हैं.ऋतिक और ईशान, अपनी कंपनी एचआरएक्स फिल्म्स के जरिए, कहानी कहने की एक गहरी समझ और जुनून साथ लाते हैं. स्टॉर्म के बाद, इस फिल्म के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है. राजेश ए. कृष्णन इस जॉनर (कॉमेडी) के माहिर खिलाड़ी हैं और हमें यकीन है कि मेस एक ऐसी फिल्म साबित होगी जिसे भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के दर्शक पसंद करेंगे.

प्रोड्यूसर ऋतिक रोशन ने कहा, स्टॉर्म के साथ प्राइम वीडियो के साथ एक खास सफर की शुरुआत हुई थी और मेस हमारी कंपनी एचआरएक्स फिल्म्स के लिए एक अगला और स्वाभाविक कदम है. उन्होंने आगे कहा, प्राइम वीडियो के साथ हमारी साझेदारी ने हमें कुछ अलग और नया कर दिखाने का मौका दिया है, और यह प्रोजेक्ट उसी सोच को पूरी तरह से दर्शाता है. राजेश (राजेश ए. कृष्णन) एक प्रोड्यूसर और डायरेक्टर के तौर पर अपनी एक अलग पहचान रखते हैं. उनके पास कॉमेडी को एक बेहतरीन कहानी के साथ जोड़ने का शानदार हुनर है. मेस



के लिए उनका नजरिया शुरू से ही कमाल का रहा है. जैसे–जैसे फिल्म का काम आगे बढ़ रहा है, मैं और ईशान इस प्रोजेक्ट को लेकर काफी उत्साहित हैं. हमारा मानना है कि यह फिल्म उन दर्शकों को बहुत पसंद आएगी जो लीक से हटकर और नई तरह की कहानियों को देखना पसंद करते हैं.इस आने वाले प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए राजेश ए. कृष्णन ने कहा, कपिल के साथ मिलकर मेस को तैयार करना वाकई एक शानदार अनुभव रहा है. उनके साथ फिर से काम करना बहुत अच्छा लगा. इस फिल्म की दुनिया कॉमेडी और अफरा–तफरी का एक रोमांचक मेल है, जो दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखने के लिए काफी है.यह फिल्म मेरे लिए क्रिएटिव तौर पर बहुत संतोषजनक रही है. उन्होंने आगे कहा, ऋतिक और ईशान ने अपनी समझ और भरोसे से इस फिल्म को और बेहतर बनाया है और हमारे पास काम करने के लिए एक ड्रीम कास्ट है. अब जब हम प्रोडक्शन की तरफ बढ़ रहे हैं,

# दर्शील सफारी की इंटरनेशनल वापसी! मोहित रैना और प्रिया मणि के साथ नई क्रास-बार्डर फिल्म में एंट्री

चर्चित अभिनेता दर्शील सफारी ने आधिकारिक तौर पर उस बहुप्रतीक्षित इंटरनेशनल क्रॉस–बॉर्डर फिल्म की कास्ट जॉइन कर ली है, जिसमें मोहित रैना और नेशनल अवॉर्ड विजेता अभिनेत्री प्रिया मणि भी नजर आएंगे। इस अभी तक बिना टाइटल वाली फिल्म को मुंबई की एज्योर एंटरटेनमेंट (बदला, केसरी, रॉकी हैंडसम जैसी फिल्मों के निर्माता) और अमेरिका की रेड बाइसन प्रोडक्शन्स मिलकर ग्लोबल को–प्रोडक्शन के रूप में बना रहे हैं। फिल्म की कहानी पहचान, जज्बे और इंसानी रिश्तों की उन डोरियों को तलाशती है जो सरहदों से भी आगे जाती हैं। तारे जमीन पर से दुनिया भर में पहचान बनाने वाले दर्शील सफारी इस फिल्म के जरिए एक बार फिर इंटरनेशनल मंच पर वापसी कर रहे हैं। इंडस्ट्री के अंदरूनी लोगों के मुताबिक उनका किरदार उनके करियर का एक नया मोड़ साबित हो सकता हैकृ परतदार, भावनात्मक रूप से जटिल और कहानी के केंद्र में बेहद अहम।यह फिल्म पहली बार मोहित रैना और प्रिया मणि को एक साथ स्क्रीन पर लाएगी। दोनों कलाकार अपने दमदार अभिनय और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर मजबूत मौजूदगी के लिए जाने जाते हैं। दर्शील के जुडने से इस प्रोजेक्ट में अब तीन अलग–अलग अभिनय शैलियों का संगम देखने को मिलेगाकृथिएट्रिकल सिनेमा, प्रीमियम स्ट्रीमिंग और इंटरनेशनल स्टोरीटेलिंग का अनोखा मेल।फिल्म से जुड़े सूत्रों के मुताबिक दर्शील का किरदार भारतय और इंटरनेशनल दुनिया के बीच एक भावनात्मक पुल की तरह काम करेगा, जो कहानीी नैतिक और मनोवैज्ञानिक धुरी को थामे रखेगा। इस फिल्म को एक प्रीमियम इंटरनेशनल रिलीज के तौर पर पेश करने की योजना है, जिसके लिए ग्लोबल स्ट्रीमिंग डिस्ट्रीब्यूशन पर काम चल रहा है। कई देशों में शूट होने वाली यह फिल्म भव्य सिनेमाई पैमाने को इंसानी भावनाओं से भरे निजी ड्रामा के साथ जोडने की कोशिश करेगीकृएक ऐसा अंदाज जो आजकल दुनिया भर के दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है।



फिल्म से जुडने पर दर्शील सफारी ने कहा इस कहानी ने मुझे भीतर तक छू लिया। यह हिम्मत, संवेदनशीलता और उन फैसलों की बात करती है जो तय करते हैं कि हम आखिर बनते क्या हैं। मुझे खुशी है कि मैं ऐसी फिल्म का हिस्सा हूं जो सरहदों से आगे जाकर इंसानी भावनाओं को छूती है। फिल्म को हर्ष महादेश्वर ने लिखा और निर्देशित किया है। फिलहाल यह प्रोजेक्ट एडवांस प्री–प्रोडक्शन में है और इसकी मुख्य शूटिंग इसी साल के अंत में शुरू होने की योजना है।

# धुरंधर 2 का नया गाना मैं और तू रिलीज, लोग भूले अक्षय खन्ना का एंट्री सान्ग और शरारत, रणवीर सिंह ने मचाई तबाही

आदित्य धर के निर्देशन में बनी



बहुप्रतीक्षित फिल्म धुरंधर द रिवेंज का इंतजार दर्शक बेसब्री से कर रहे हैं. इसी बीच फिल्म का नया गाना मैं और तू रिलीज कर दिया गया है, जिसने आते ही सोशल मीडिया पर धूम मचा दी है. मैं और तू एक ऐसा गाना है, जो लोगों के दिल को छू लेगा. जानेमन, जानेमन, तू जाएगा कहां, तू है नूर–ए–नजर मेरी, दिल मेरा तुझपे फिदा जैसे बोल इस गाने को खास बनाते हैं. इसे जैस्मीन सैंडलस, रिबेल और शाश्वत सचदेव ने अपनी दमदार आवाज में पिरोया है. वीडियो में रणवीर सिंह तबाही बनकर आते नजर आ रहे हैं. वह हथियारों और धमाकों से दुश्मन को खाक में मिलाते दिख रहे हैं.गाने में संगीत भी शाश्वत ने दिया है, जबकि इसे जैस्मिन और रिबेल ने मिलकर लिखा है. आवाज और संगीत का मेल सीध ा दिल तक पहुंचता है. बता दें, हाल ही में फिल्म का टाइटल ट्रैक आरी आरी रिलीज किया गया था, जो कि बॉम्बे रॉकर्स के हिट गाने का रीमेक था. गाने के रिलीज होते ही फैंस की प्रतिक्रियाएं भी तेजी से सामने आने लगी हैं. सोशल मीडिया पर लोग इस गाने की जमकर तारीफ कर रहे हैं. अगर फिल्म की बात करें तो धुरंधररू द रिवेंज इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक मानी जा रही है. इसमें रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में हैं, जिनका किरदार पहले पार्ट में ही दर्शकों के दिलों में खास जगह बना चुका है. इस बार उनका किरदार ज्यादा दमदार और गहराई से भरा हुआ नजर आने वाला है. फिल्म में रणवीर सिंह के अलावा संजय दत्त, आर. माधवन, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे. फिल्म का निर्देशन आदित्य धर ने किया है, जबकि निर्माता आदित्य के अलावा लोकेश धर और ज्योति देशपांडे हैं.धुरंधर 2 की खास बात यह है कि इसमें एक्शन, इमोशन और ड्रामा का शानदार मेल देखने को मिलेगा. फिल्म की कहानी को पूरी तरह गोपनीय रखा गया है, जिससे दर्शकों की उत्सुकता बनी हुई है.

# द केरल स्टोरी 2 ने 19वें दिन किया बड़ा कमाल, कलेक्शन 50 करोड़ के हुआ पार

द केरल स्टोरी 2रू गोज बियॉन्ड रिलीज के तीसरे हफ्ते में भी सिनेमाघरों में दर्शकों को खींचने में कामयाब हो रही है. हालांकि तीसरे मंडे को इसकी कमाई में गिरावट भी दर्ज की गई लेकिन तीसरे मंगलवार को इसने एक बार फिर रफ्तार बड़ी और बड़ा मील का पत्थर भी पार कर लिया. चलिए यहां जानते हैं द केरल स्टोरी 2रू गोज बियॉन्ड ने रिलीज के तीसरे मंगलवार को यानी 19वें दिन कितना कलेक्शन किया है?द केरल स्टोरी 2य ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म किया है. हालांकि इस फिल्म ने 80 लाख के कलेक्शन के साथ धीमी शुरुआत की थी लेकिन फिर देखते ही देखते इसने बॉक्स ऑफिस पर अपनी रफ्तार बढ़ा ली और दूसरे दिन लेकर अब तक इसने लगातार एक करोड़ से ज्यादा की कमाई ही की है. हालांकि इसके कलेक्शन में उतार–चढ़ाव भी बना रहा फिर भी इसने अपनी लागत से कहीं ज्यादा मुनाफा बटोर लिया है.फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो द केरल स्टोरी 2य ने पहले हफ्ते में 23.28 करोड़ का कलेक्शन किया था जबकि दूसरे हफ्त में इसकी कमाई 17.14 करोड़ रुपये रही. इसके बाद 15विंन इसने 1.50 करोड़, 16वें दिन 2.75 करोड़, 17वें दिन 3.15 करोड़ और 18वें दिन 1.13 करोड़ रुपये कमाए. वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक रिलीज के 19वें दिन द केरल स्टोरी 2य ने 1. 42 करोड़ रुपये कमाए हैं.

# स्वयंभू में निखिल के किरदार की ताकत है सुंदरावली नाभा नतेश

भारतीय सिनेमा में इस साल कई बड़ी फिल्में रिलीज होने वाली हैं, लेकिन उनमें से सबसे ज्यादा चर्चा में है स्वयंभू. .. फिल्म में दिखाया गया है कि किस तरह एक बहादुर योद्धा ने अपनी वीरता से इतिहास की दिशा बदली। फिल्म में निखिल सिद्धार्थ के साथ एक्ट्रेस नाभा नतेश भी मुख्य किरदार में हैं। नाभा ने बताया कि उनका किरदार सुंदरावली निखिल के किरदार का बैकबोन है। नाभा नतेश ने कहा, मेरा किरदार सुंदरावली एक क्लासिकल डांसर है और वह उसी गांव में बड़ी हुई है, जहां निखिल का किरदार रहता है। सुंदरावली निखिल के किरदार को गहराई से समझती है और उसके हर उतार–चढ़ाव को जानती है। उन्होंने आगे कहा, मेरा किरदार इस बात का प्रतीक है कि किसी की सफलता के पीछे हमेशा ऐसे लोग होते हैं, जो बिना दिखाए समर्थन करते हैं। सुंदरावली निखिल के किरदार के सबसे कठिन समय में उसके पास आती है और उसे विश्वास देती है कि वह फिर से उठकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है। यही क्षण कहानी में महत्वपूर्ण मोड़ लाता है और हीरो अपनी मंजिल की ओर बढ़ता है।

फिल्म स्वयंभू को भुवन और श्रीकर ने पिक्सेल स्टूडियो के बैनर तले प्रोडक्शन किया है और इसे टैगोर मधु ने प्रस्तुत किया है। इस प्रोजेक्ट को लेकर फैंस में पहले से ही उत्सुकता है। निखिल सिद्धार्थ ने फिल्म के लिए वियतनाम में मार्शल आर्ट्स ट्रेनिंग ली। इतना ही नहीं, उन्होंने तलवारबाजी में इतनी महारत हासिल की कि वे दोनों हाथों से तलवार चला सकते हैं। फिल्म के अन्य कलाकारों को भी तलवारबाजी की ट्रेनिंग दी गई। वियतनाम के एक्सपर्ट्स को लाया गया, ताकि स्टंट और क्लाइमेक्स सीक्वेंस को वास्तविकता के करीब दिखाया जा सके।इस



फिल्म का क्लाइमेक्स हैदराबाद के अन्नपूर्णा स्टूडियोज में 60 दिनों तक शूट किया गया, जिसमें सैकड़ों कलाकार शामिल रहे।स्वयंभू 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।